


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 212


ग्वालियर, शुक्रवार, 22 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## गुटखा कंपनी के लिए विज्ञापन नहीं करेंगे अक्षय कुमार

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार ने गुटखा कंपनी के विज्ञापन के लिए माफी मांगी है। अक्षय के प्रशंसकों ने उन्हें गुटखा बनाने वाली कंपनी के एक उत्पाद के विज्ञापन आने के बाद से ही ट्रोल करना शुरू कर दिया था।इस कंपनी के लिए सबसे पहले अभिनेता अजय देवगन ने विज्ञापन करना शुरू किया था, उसके बाद कंपनी ने अजय देवगन के साथ शाहरुख खान को भी विज्ञापन में जोड़ दिया। करीब एक सप्ताह पहले गुटखा बनाने वाली कंपनी ने एक इलायची के लिए नया विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन को विदेश में फिल्माया गया था और एक कार में अजय देवगन और शाहरुख जाते हुए दिखाई देते हैं। कार में शाहरुख खान पूछते हैं देखें कौन नया खिलाड़ी आया है कंपनी ने इसे टीजर के तौर पर पेश किया था। इसके बाद कंपनी ने तीनों को एक साथ विज्ञापन में दिखाया। जिसमें तीनों विमल की इलायची खाते हुए दिख रहे हैं। अक्षय कुमार विज्ञापन में कहते हैं, जुबान एक हो, तो दिल भी एक होने चाहिए सोशल मीडिया पर लोगों ने अक्षय के कई पुराने वीडियो निकाल कर पोस्ट किए जिसमें वह तंबाकू के इस्तेमाल की पैरवी नहीं करने बात कह रहे हैं। उन्हें भारत में लोग फिटनेस के प्रति बहुत गंभीर मानते हैं। सोशल मीडिया पर डाले गए एक पुराने वीडियो में अक्षय कह रहे हैं कि उन्हें कई ऑफर आते हैं, कई बड़ी गुटखा कंपनियों के ऑफर आते हैं। ब्रांड अनुबंध की कानूनी अवधि तक विज्ञापनों को प्रसारित करना जारी रख सकता है, लेकिन मैं अपने भविष्य के विज्ञापनों को चुनने में बेहद सावधान रहने का वादा करता हूं। इसके बदले में, मैं हमेशा आपके प्यार और शुभकामनाएं चाहता हूं भारत में टीवी, रेडियो और अखबार पर गुटखा, तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी और शराब का विज्ञापन बैन है। कंपनी अन्य उत्पादों के लिए बड़े स्टार्स को विज्ञापन में दिखाती हैं जिससे उनका ब्रांड मशहूर होता है। भारत सरकार हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर तंबाकू उत्पादों के सेवन के इस्तेमाल से बचने के लिए अभियान चलाती है और उसके नकारात्मक असर के बारे में जागरुकता भी फैलाती है



## एनआईए दिवस- मानवाधिकारों की रक्षा के लिए आतंकवाद की जड़ से समाप्ति जरूरी: गृहमंत्री अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत सरकार आतंकवाद के विरुद्ध में शून्य सहिष्णुता की नीति बनाकर आगे बढ़ रही है। शाह ने यह बात 13वें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनआईए की जांच इस प्रकार के अपराधों में होती है जहां साक्ष्य मिलना मुश्किल होता है लेकिन इसके बावजूद आपने (एनआईए) उपलब्धि प्राप्त की है जो प्रेरणा है। एनआईए को भारत सरकार की ओर से कोई भी सहायता, किसी भी स्वरूप में अपेक्षित हो तो वो देने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब भी आतंकवाद विरोधी अभियान होते हैं, कुछ मानवाधिकार समूह मानवाधिकारों का मुद्दा उठाते हैं लेकिन मैं हमेशा मानता हूं कि आतंकवाद मानव अधिकारों के उल्लंघन का सबसे बड़ा कारण है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए आतंकवाद को जड़ से खत्म करना जरूरी। उन्होंने कहा कि अपने गठन के बाद से, एनआईए ने 400 मामले दर्ज किए, जबकि 93.25 प्रतिशत की सजा दर के साथ 349 मामलों में चार्जशीट दायर की गई, हमने एनआईए और यूएपीए अधिनियमों को मजबूत किया है।



## मेवानी की गिरफ्तारी पर राहुल गांधी ने कहा, 'शहंशाह' घबरा गए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवानी की असम पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी को 'अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक करार देकर आरोप लगाया कि घटनाक्रम से स्पष्ट होता है कि 'शहंशाह' घबरा गए हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, (नरेंद्र) मोदी जी, आप विरोध के स्वर को सरकारी मशीनरी का उपयोग कर कुचलने का प्रयास कर सकते हैं। लेकिन सच को कभी कैद नहीं कर सकते हैं। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, शहंशाह घबरा गए हैं। गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवानी को असम की पुलिस रातों-रात गिरफ्तर कर ले जाती है। इस घबराहट का, इस छटपटाहट का संदेश भी है और चिह्न भी है। उन्होंने सवाल किया, क्या देश में अब साम्प्रदायिक सौहार्द की अपील करना और प्रधानमंत्री से धर्म के नाम पर लोगों को न लड़वाने की अपील करना अपराध है? क्या प्रधानमंत्री से यह उम्मीद करना अपराध है कि वह गुजरात आएंगे और महात्मा गांधी की धरती पर शांति की अपील करेंगे?''

## असम पुलिस आधी रात को निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवाणी को गिरफ्तार कर ले गई

**अहमदाबाद।** बनासकांठा के वडगाम से निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवाणी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिग्नेश मेवाणी को गुजरात की पुलिस ने नहीं बल्कि असम पुलिस ने एक मामले में आधी रात को गिरफ्तार और असम के लिए रवाना भी हो गई असम पुलिस ने जिग्नेश मेवाणी को पालनपुर के सर्किट हाउस से गिरफ्तार किया और सड़क के रास्ते अहमदाबाद पहुंची अहमदाबाद से विमान में जिग्नेश मेवाणी को असल ले जाया गया है जानकारी है कि जिग्नेश मेवाणी के खिलाफ दर्ज के एक मामले के संदर्भ में उन्हें गिरफ्तार किया गया है जिग्नेश मेवाणी ने कहा कि मेरी गिरफ्तारी एक ट्वीट को लेकर की गई है हांलाकि पुलिस ने मुझे कोई ठोस जानकारी नहीं दी।

### पीड़ितों से मिलने पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को पुलिस ने रोका

## जहांगीरपुरी बुलडोजर केस: अजय माकन बोले, गरीब के पेट पर लात मारी गई

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जन्मोत्सव के दिन निकाली गई शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसक झड़प के बाद में अतिक्रमण को हटाने को लेकर जहांगीरपुरी लगातार सुर्खियों में है। इन सबके बीच बुधवार को जहांगीरपुरी में बुलडोजर से अतिक्रमण को हटाया गया। हालांकि इससे कई परिवार प्रभावित हुए हैं। विपक्ष लगातार इसका विरोध कर रहा है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दिया है। इन सबके बीच आज कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अजय माकन के नेतृत्व में जहांगीरपुरी का दौरा किया।



इस दौरान अजय माकन ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। अजय माकन ने कहा कि ऐसा लगता ही नहीं है कि देश में कानून का राज है। कानून ये इजाज़त नहीं देता कि बिना नोटिस दिए किसी के घर को गिराया जाए। अजय माकन ने आगे कहा कि मेरे पास कोर्ट का 2019 का भी आदेश है जिसमें कहा गया है कि किसी को बिना नोटिस दिए उसका घर नहीं गिराया जा सकता है तो फिर कल यहां ऐसा क्यों हुआ? उन्होंने कहा कि मैं आप सबसे कहना चाहता हूं कि कृपया इस प्रक्रिया को धर्म के चश्मे से ना देखें। ये सिर्फ गरीब के पेट पर लात मारी गई है। ये इसलिए हुआ है क्योंकि हमारे देश में बेरोज़गारी-महंगाई से सबसे ज्यादा पीड़ित गरीब हैं, उनका ध्यान भटकाने और उन्हें धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश हुई है। वहीं इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि कल जिस तरह से सरकारी उत्पीड़न हुआ है हम उसके खिलाफ आज पीड़ितों से मिलने जा रहे हैं और लौट कर सोनिया गांधी जी को रिपोर्ट सौपेंगे और उसके बाद पार्टी आगे की कार्रवाई करेगी।

पार्टी के दिल्ली प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अतिक्रमण विरोधी अभियान का नाटक महंगाई से ध्यान भटकाने के लिए किया गया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जहांगीरपुरी का दौरा क्यों नहीं किया?

## घर से ऑफिस आने में तीन साल में इमरान ने खर्च किए 55 करोड़

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रधानमंत्री पद से हटाने के बाद इमरान खान के कारनामे एक के बाद एक सामने आ रहे हैं। पहले विदेशों से मिले तोहफों को बेचने का मामला सामने आया, अब इमरान खान पर हुए खर्च को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। पाकिस्तान के नए वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने खुलासा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान को हेलीकॉप्टर के द्वारा उनके घर से पीएम सचिवालय पहुंचाने पर राष्ट्रीय खजाने को तीन साल आठ महीने में 55 करोड़ रुपये खर्च करने पड़े। सत्ता में रहकर खान लगभग हर दिन अपने दफ्तर जाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करते थे। पैसा हेलीकॉप्टर में खपत होने वाले ईंधन पर खर्च किया जाता था। सत्ता में आने के कुछ समय बाद ही खान को उस समय आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था, जब उन्होंने रोजाना आने-जाने के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग करना शुरू किया था। हालांकि, इमरान के मंत्रिमंडल में सूचना मंत्री रहे फवाद चौधरी ने इसका दावा किया था, कि इसकी लागत 55 रुपये प्रति किलोमीटर होगी। इस्माइल ने कहा कि उनके पास अपने दावे को साबित करने वाले दस्तावेजी सबूत हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती पीटीआई सरकार ने बिजली क्षेत्र में 2,500 अरब रुपये का भारी सर्कुलर कर्ज छोड़ा है और प्राकृतिक गैस क्षेत्र में 1,500 अरब रुपये का सर्कुलर कर्ज लिया था।



## कभी गांधी जी ब्रिटिश जज के सामने खड़े थे और आज ब्रिटिश पीएम उनके सामने

**अहमदाबाद।** यह अजीब इत्तफाक है कि वर्ष 1922 में महात्मा गांधी ब्रिटिश जज के सामने खड़े हुआ करते थे और आज ब्रिटिश के प्रधानमंत्री उनकी प्रतिमा के सामने खड़े हैं भारत दौरे पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉन्सन ने आज अहमदाबाद स्थित गांधी आश्रम में गांधी जी की प्रतिमा पर सूताजंलि अर्पण की आज 100 साल पहले 1922 में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ यंग इंडिया में तीन लेख लिखने के मामले में गांधी जी के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था मामले की सुनवाई के दौरान गांधी जी ब्रिटिश सेशन्स जज ब्रूमफिल्ड के समक्ष खड़े थे इस मामले में गांधी जी को दोषी करार देते हुए ब्रिटिश जज ने अहमदाबाद के शाहीबाग के सर्किट हाउस में 6 साल की सजा सुनाई थी 100 साल बाद 2022 का आज यह वक्त है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉन्सन गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक हैं



बोरिस जॉन्सन भी उन्हीं अंग्रेजों के प्रतिनिधि हैं, जिन्होंने हम पर कई दशकों तक राज किया था और गांधी जी ने उनसे देश आजाद कराने का बीड़ा उठाया यही वजह है कि आज दुनियाभर के महानुभाव गांधी जी की हिम्मत और अहिंसक लड़ाई के कायल हैं और जब भी गुजरात आते हैं तब अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम पहुंचकर उन्हें याद करने से नहीं भूलते ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉन्सन दो दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं और अपने दौरे की शुरुआत उन्होंने गुजरात के अहमदाबाद से की है।


### रामनगर इलाके में सड़क से फिसली बस 2 लोगों की मौत और 25 घायल 5 की हालत गंभीर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के रामनगर के उदक इलाके में एक बस के सड़क से फिसल गई, जिसकी चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में 25 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें से पांच को गंभीर चोटें आई हैं। रामनगर के एसडीपीओ भीष्म दुबे ने कहा, फ्ररामनगर के उदक इलाके में एक बस के सड़क से फिसल जाने से दो लोगों की मौत हो गई, 25 घायल हो गए। बस कोगरमढ़ जा रही थी। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को जिला अस्पताल उधमपुर रेफर कर दिया गया है। बताया गया कि बस में सवार होकर लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। मृतकों की पहचान रज्जो देवी (66) और विमला देवी (48) के रूप में हुई है। दोनों कगोट इलाके के रहने वाले हैं।

## पीएम गति शक्ति प्लान भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए अहम : गडकरी

### इसका उद्देश्य देश भर में मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी और लास्ट-मील कनेक्टिविटी में सुधार करना है

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत को 2024-25 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा करने के लिए पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) काफी अहम है। पीएम गति शक्ति योजना का उद्देश्य देश भर में मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी और लास्ट-मील कनेक्टिविटी में सुधार करना है। 15वें सिविल सेवा दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने के लिए हितधारकों के समन्वय और संचार की



आवश्यकता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, हमें भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान बहुत महत्वपूर्ण है। 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने 2024-25 तक भारत को 5 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की अर्थव्यवस्था और वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनाने की कल्पना की थी। नितिन गडकरी ने यह भी कहा कि वित्तीय ऑडिट महत्वपूर्ण हैं, लेकिन प्रदर्शन ऑडिट अधिक महत्वपूर्ण हैं। मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता से समझौता किए बिना निर्माण की लागत कम करने की जरूरत है। वहीं, कार्यक्रम में सड़क परिवहन और राजमार्ग सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा कि पीएम गति शक्ति का एक उद्देश्य देश में 860 आर्थिक नोड्स में कनेक्टिविटी प्रदान करना है। प्रधानमंत्री ने मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गति शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान लॉन्च किया है। इसमें अनिवार्य रूप से रेलवे और रोडवेज सहित 16 मंत्रालयों को एकीकृत योजना और बुनियादी ढांचा कनेक्टिविटी परियोजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन के लिए एक साथ लाने पर जोर है।

## सीएम योगी बोले- सुनिश्चित हो कि लाउडस्पीकर की आवाज परिसर के बाहर ना आए

### यूपी में लाउडस्पीकर-माइक चल सकते हैं लेकिन शर्तों के साथ

**लखनऊ।** महाराष्ट्र में मस्जिदों पर लाउडस्पीकर हटाने के विवाद के बीच उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने नया आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि बिना इजाजत के अब लाउडस्पीकर और माइक नहीं लग पाएंगे। वहीं जो लाउडस्पीकर-माइक पहले ही इजाजत लेकर लगे हैं उनकी आवाज परिसर के बाहर नहीं आनी चाहिए।नये आदेश के मुताबिक, यूपी में अब नए स्थानों पर माइक और लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति नहीं मिलेगी। सीएम योगी ने कहा, %हर किसी को अपनी उपासना पद्धति मानने की स्वतंत्रता है। पूर्व से अनुमति से जहां माइक लगे हैं वहां माइक का प्रयोग किया जा सकता है। लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि आवाज परिसर के बाहर ना आए। %सीएम योगी ने कहा कि लाउडस्पीकर की आवाज से अन्य लोगों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। आगे कहा गया है कि नए स्थलों पर नए माइक लगाने की अनुमति नहीं मिलेगी। अभी रमजान का महीना चल रहा है। इसके बाद ईद और अक्षय तृतीया जैसे त्योहार भी आने



वाले हैं। दोनों पर्व तीन मई को संभावित हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यूपी पुलिस अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। ठाकुर ने कहा कि कई जगह देश में लोग हनुमान चालीसा पढ़ने सड़क पर आ रहे हैं। ऐसी किसी परपंरा को यहां जन्म नहीं देने दिया जाएगा। कुरान और हनुमान चालीसा पढ चालीसा पढ़ने कोई सड़क पर नहीं आएगा। अगर आता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। धार्मिक स्थलों पर माइक और साउंड सिस्टम का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन साउंड सिस्टम की आवाज धार्मिक परिसर से बाहर ना जाए। बिना अनुमति के धार्मिक जुलूस या शोभायात्रा नहीं निकाली जा सकती है।

## खास खबर

### पाकिस्तान पूर्व पीएम नवाज शरीफ ईद के बाद वतन लौटेंगे, करेंगे कानूनी कार्यवाही का सामना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ताजा बदले राजनीतिक परिदृश्य के बीच खबर है कि पूर्व पीएम और पीएमएल-एन पार्टी के मुखिया नवाज शरीफ के ईद-उल-फितर के बाद लंदन से स्वदेश लौटने की संभावना है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवाज शरीफ अपने खिलाफ लंबित मामलों का कानून और संविधान के अनुसार सामना करेंगे। तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके शरीफ भ्रष्टाचार के कई आरोपों का सामना कर रहे हैं। वह नवंबर 2019 से लंदन में हैं, जब लाहौर हाईकोर्ट ने उन्हें इलाज के लिए चार सप्ताह के लिए विदेश जाने की अनुमति दी थी। पीएमएल-एन के नेता मियां जावेद लतीफ ने एक बयान में कहा, %नवाज शरीफ ईद के बाद पाकिस्तान में नजर आएंगे।% लतीफ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल के सदस्य के रूप में शपथ ली।

### बारामुला में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन विदेशी आतंकियों सहित पांच को मार गिराया

**जम्मू।** कश्मीर घाटी के बारामुला में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गुरुवार तड़के मुठभेड़ में अभी तक तीन जवान और एक नागरिक घायल हो गए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है। इसी बीच लश्कर-ए-तैयबा के 12 लाख रुपये का इनामी आतंकी दुर्दांत आतंकी युसूफ कांतरु सहित कुल पांच आतंकी मुठभेड़ में मारे गए। इनमें तीन विदेशी आतंकियों सहित दो स्थानीय आतंकी शामिल हैं। एलईटी का मारा गया आतंकी कांतरु बीते माह बड़गाम में एक पुलिस एसपीओ और उसके भाई की हत्या में भी शामिल था। फिलहाल अभी तक पांच आतंकियों को ढेर कर दिया गया है लेकिन अधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि होना अभी बाकी है।

### झारखंड खदान हादसा, अवैध खनन के वक्त धंसी जमीन, कई मजदूरों के दबे होने की आशंका

**धनबाद।** झारखंड के धनबाज जिले में बीसीसीएल, धनबाद जिला प्रशासन व सीआईएसएफ की अथक कोशिशों के बाद भी यहां अवैध खनन थम नहीं रहा है। परिणाम है कि कहीं भी, कभी भी भू धंसान का खतरा बढ़ता जा रहा है। गुरुवार की सुबह एक बार फिर इसी अवैध खनन की भारी कीमत चुकानी पड़ी। गुरुवार की सुबह चांच विक्टोरिया क्षेत्र संख्या 12 के चिरकुंडा थाना अंतर्गत डुमरीजोड़ गांव के पास अवैध खनन के दौरान जमीन धंस गई। भू धंसान का दायरा 50 मीटर के क्षेत्र में है। हादसे में कई लोगों के दबे होने की भी सूचना मिल रही है। बताया जाता है कि चिरकुंडा थाना अंतर्गत चांच पंचायत के डुमरीजोड़-चांच लाइन पार में अचानक रेल लाइन का रास्ता तेज आवाज के साथ धंस गया। डुमरीजोड़ में लंबे समय से अवैध खनन चल रहा था। इसकी डोजरिंग बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा कराई गई थी, लेकिन तस्करों कर ओर से लगातार खनन जारी था। इधर, गुरुवार की सुबह 8 बजे जोरदार आवाज के साथ जमीन धंस गई। हाई टेंशन तार समेत बिजली का पोल भी इसकी चपेट में आ गया। इसके कारण नूतनग्राम, चांच, पतलाबाड़ी, बूट बाड़ी में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। वहीं सड़क धंसने से डुमरीजोड़, बाबू डंगाल, लाइन पार, बूट बाड़ी के लोगों के समक्ष नई समस्?या उत्?पन्?न हो गई है। जानकारी हो कि नूतनग्राम से चांच पोटरी जाने वाली सड़क डुमरीजोड़ के पास एक वर्ष पूर्व भी धंस गई थी। उस वक्त ही कयास लगाया जा रहा था कि यह पूरा इलाका धंसान क्षेत्र बन गया है।

### चीन की पैंतरेबाजी से चिंता में पड़े चार देश

**नई दिल्ली।** चीन और सोलोमन द्वीप समूह के बीच हुआ हालिया समझौता इन दिनों सुर्खियों में है। अमेरिका सहित चार देशों ने इसे लेकर चिंता जाहिर की है। हालांकि, चीन ने इस समझौते को जायज बताते हुए सफाई दी है कि इस समझौते से किसी अन्य देश को नुकसान नहीं पहुंचेगा। वहीं, सोलोमन द्वीप के प्रधानमंत्री मानसेह सोगावरे ने भी चीन संग सुरक्षा समझौते की पुष्टि करते हुए इसका बचाव किया है। उन्होंने इसे पूरी तरह से आंतरिक सुरक्षा स्थिति से संबंधित बताया। कहा कि इससे क्षेत्र की शांति और सौहार्द की अनदेखी नहीं होगी। यह छोटा सा देश अचानक चर्चा में क्यों आया, समझते हैं इस पूरे मामले को इस समझौते से चीन अपनी पुलिस, सशस्त्र बलों, सैन्यकर्मियों और अन्य कानून प्रवर्तन दलों को सरकार के अनुरोध पर द्वीपों पर भेज सकता है। यह चीन के नौसैनिक जहाजों को रसद सहायता के लिए द्वीपों का उपयोग करने की अनुमति भी प्रदान करता है। दोनों पक्ष सामाजिक व्यवस्था के रखरखाव, मानवीय सहायता और प्राकृतिक आपदा से निपटने में सहयोग करेंगे। इस समझौते को लेकर अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और जापान ने चिंता जताई है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### राहुल पर जुर्माना , स्टोइनिस को नियम उल्लंघन पर फटकार

**मुंबई** । लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल को दोहरा झटका लगा है। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ हुए लीग मुकाबले में हार के बाद उन पर 20 फीसदी जुर्माना भी लगा है। राहुल पर यह जुर्माना आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा है। आईपीएल के अनुसार राहुल ने आईपीएल आचार संहिता के 'लेवल एक अपराध को स्वीकार करते हुए जुर्माना मंजूर किया है। सुपर जायंट्स के ही मार्कस स्टोइनिस को भी मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगायी गई है। आरसीबी ने इस मैच को 18 रन से जीत था। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इन दोनों खिलाड़ियों ने आचार संहिता का किस प्रकार उल्लंघन किया था। स्टोइनिस को जोश हेज़लवुड के एक ओवर के दौरान मैदानी अंपायर के साथ बहस करते पाया गया था। इसमें कहा गया, 'स्टोइनिस ने आईपीएल आचार संहिता के 'लेवल एक अपराध% को स्वीकार किया है।% गौरतलब है कि आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और मान्य होता है।

### केन्या की पेरेस ने जीती बोस्टन मैराथन

**बोस्टन** । केन्या की पेरेस जेपचिरचिर ने महिलाओं की बोस्टन मैराथन रेस जीती है।कोरोना महामारी के बाद पहली बार तय समय पर हो रही इस रेस को पेरेस ने दो घंटे 21 मिनट और एक सेकंड में पूरा किया। वहीं केन्या की ही लॉरेंस चेरोनो दूसरे और गत चैंपियन बेंसन किपरूटो तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं यूक्रेन के 44 नागरिकों ने भी मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था पर 11 ने ही इसमें भाग लिया। उनके समर्थन में यूक्रेनी ध्वज भी प्रशंसकों ने लहराए। पेरेस ने कहा, 'मुझे लग रहा था कि वह बेहतर थीं और मैंने उनसे आगे निकलने का प्रयास किया। मुझे लग रहा था कि मैं थक गई हूं। मैं पीछे चली गई थी पर मैंने उम्मीद नहीं खोई। मैं मैराथन जीतने में सफल रही।'

### 15 साल बाद आमने-सामने होंगे अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के तैराक

**सिडनी** । 15 साल के बाद एक बार फिर अमेरिकी और ऑस्ट्रेलियाई तैराको के बीच मुकाबला होगा। यह मुकाबला 19 से 21 अगस्त तक सिडनी के ओलिंपिक एक्वाटिक सेंटर और बोंडी समुद्र तट होगा। 30 तैराक भाग लेंगे। इससे पहले दोनो ही देशों के तैराकों के बीच साल 2007 में मुकाबला हुआ था। इन दोनों देशों ने पिछले साल के टोक्यो ओलंपिक में तैराकी प्रतियोगिता में कुल मिलाकर 50 पदक जीते थे और वे इस खेल में दुनिया में शीर्ष पर कायम हैं। तैराकी में अपना दबदबा बनाने वाले इन दोनों देशों के बीच इस तरह का पहला मुकाबला पहली बार साल 2003 में आयोजित किया गया था। अमेरिका ने साल 2003 के बाद साल 2005 में इस द्विपक्षीय मुकाबले की भी मेजबानी की थी ।

### मयंक ने अगले मैच पर ध्यान देने कहा

**मुंबई** । पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली हार से टीम को निराशा हुई है पर हमें उससे आगे निकलना होगा। मयंक के अनुसार एक ही मैच की हार का अधिक मंथन करने से नकारात्मकता हावी होने लगती है। ऐसे में यह जरुरी है कि टीम उसे भूलकर आगे के मैचों पर ध्यान दे। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के सामने पंजाब किंग्स के बल्लेबाज टिक नहीं पाये थे और उसे हार का सामना करना पड़ा था।

# अपनी संभावनाएं बनाये रखने जीत के लिए उतरी सीएसके ओर मुम्बई

**मुंबई** । आईपीएल के 15 वें सत्र में गुरुवार को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) जीत के इरादे से उतरेंगी क्योंकि इस मैच में हारने का मतलब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होना है। ऐसे में दोनो ही टीमों के लिए अपनी संभावनाएं बरकरार रखने यह मैच जीतना जरुरी है। मुंबई की टीम इस बार बेहद खराब हालातों का सामना कर रही है। उसे एक भी मैच में जीत नहीं मिली है हालांकि उसके लिए राहत की की बात यह है कि युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। मुंबई की टीम अब तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी में नाकाम रही है कप्तान रोहित शर्मा तक रन नहीं बना पा रहे हैं। रोहित ने छह मैचों में केवल 114 रन बनाए हैं। अब अग र मुंबई को जीत दर्ज करनी है तो उसे बड़ा स्कोर बनाना होगा। टीम के युवा बल्लेबाज ईशान किशन भी अब तक उम्मीद के अनुसार बल्लेबाजी नहीं कर पाये हैं। ईशान ने छह मैचों में दो अर्धशतक ही लगाये हैं। युवा ब्रेविस और तिलक के अलावा सूर्यकुमार यादव ने भी कुछ अच्छी पारियां खेली हैं पर इन्हें एक मिलकर प्रयास करना होगा। टीम के ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड भी लय में नहीं हैं। मुंबई के पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं पर वे अपने नाम के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।

टीम की गेंदबाजी भी प्रभावी नहीं रही है। मुख्य गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा अन्य गेंदबाज नाकाम रहे हैं। टाइमल मिल्स, जयदेव उनादकट, बासिल थंपी के अलावा मुख्य स्पिनर मुरुगन अश्विन को अब अपना सर्वश्रेष्ठ



प्रदर्शन करना होगा। मिल्स ने अपने अंतिम मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तीन ओवर में 54 रन दिये थे जबकि उनादकट और मुरुगन ने 32 और 33 रन दिये। एक अन्य गेंदबाज फैबियन एलन भी नाकाम रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर उसकी विरोधी टीम सीएकके के हालात में अच्छे नहीं हैं। गत विजेता सीएसके को भी छह में से केवल एक मैच में जीत मिली है और वह अंकतालिका में मुम्बई से एक स्थान ऊपर नवीं पायदान पर है। ऐसे में एक ओर हार उसके आगे जाने की संभावनाओं को तकरीबन समाप्त कर देगी। टीम के लिए राहत की बात यह है कि बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने रन बनाने शुरु कर दिये हैं। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में 48 गेंदों में 73 रन बनाए थे। रॉबिन उथप्पा और शिवम दुबे ने भी आरसीबी के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की थी पर गुजरात के खिलाफ वे रन नहीं नहीं बना पाये थे। शिवम को मध्यक्रम में अंबाती रायुडू और मोईन अली के साथ साझेदारी बनानी होगी। वहीं कप्तान रवींद्र जडेजा और महेंद्र सिंह धोनी फिनिशर की निभा सकते हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

मुंबई इंडियंस : रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिंह, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, बासिल थम्पी, ऋतिक शौकीन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, रिले मेरेडिथ, टाइमल मिल्स, अरशद खान, डेनियल सैम्स, डेवाल्ड ब्रेविस, फैबियन एलन, कायरन पोलार्ड, संजय यादव, आर्यन जुयाल और ईशान किशन।

चेन्नई सुपर किंग्सः रविंद्र जडेजा (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, मोईन अली, रुतुराज गायकवाड़, ड्वेन ब्रावो, अंबाती रायुडू, रॉबिन उथप्पा, मिशेल सेंटनर, क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्ने, डेवोन कॉनवे, शिवम दूबे, ड्वेन प्रिटोरियस, महेश तीक्ष्णा, राजवर्धन हैंगरगेकर, तुषार देशपांडे, केएम आसिफ, सी हरि निशांत, एन जगदीसन, सुब्रंशु सेनापति, के भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिंह, मुकेश चौधरी।



वैंबेले स्टेडियम में मुक्केबाज टायसन फरी और डिल्लन व्हाइट एक पत्रकार वार्ता में आमने–सामने नजर आये।

### इस साल शादी के बंधन में बंध सकते राहुल और आथिया

**मुम्बई** । क्रिकेटर लोकेश राहुल और अभिनेत्री आथिया शेट्टी इस साल सर्दियों में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। यह दोनों लंबे वक्त से एक-दूसरे को डेट करते रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दक्षिण भारतीय रीति रिवाजों से शादी कर सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार आथिया के परिवार में सभी लोग राहुल को काफी पसंद करते हैं और अगर सब ठीक रहा तो इस साल के अंत में यह दंपत्ति शादी के बंधन में बंध जाएगा। इन दोनो की शादी राहुल दक्षिण भारतीय रीति रिवाजों के अनुसार होगी हालांकि इस बात की अभी तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।

## विराट कोहली को है आराम की जरुरत : शास्त्री

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री भी अब विराट कोहली के रन नहीं बनाने से परेशान हो गये हैं। आईपीएल के इस सत्र में विराट रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से एक बल्लेबाज के तौर पर उतरने के बाद भी विफल रहे हैं। विराट ने पिछले सत्र के समाप्त होने के बाद ही आरसीबी की कप्तानी छोड़ दी थी। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में कोहली पहली ही गेंद पर आउट हो गये थे। इसी को देखते हुए ही शास्त्री ने विराट को खेल से ब्रेक लेने की सलाह दी है। शास्त्री का कहना है कि बायो-बबल (जैविक सुरक्षा घेरे ) में रहने के कारण खिलाड़ी मानसिक रुप से थक जाते हैं। ऐसे में खेल से जुड़ी पाबंदियों के बीच भी हमें खिलाड़ियों का ध्यान रखना होगा। साथ ही कहा कि विराट अब भी 6-7 साल खेल सकते हैं। इसलिए टीम प्रबंधन को देखना होगा कि उन्हें तरोताजा होने का समय दिया जाना चाहिये। इसके साथ ही यह भी देखना होगा कि कोहली पर लगातार खेलने के लिए अधिक जोर ना दिया जाये।

शास्त्री ने कहा, मैं जब कोच था, तब ब्रेक देना पहली बार शुरू हुआ था। तब मैंने कहा था कि खिलाड़ियों के साथ सहानुभूति दिखानी चाहिए क्योंकि अगर आप जोर डालेंगे तो विपरीत प्रभाव पड़ेगा क्योंकि



किसी खिलाड़ी के बेहतर प्रदर्शन करने और हार मानने के बीच बेहद कम अंतर होता है। इसलिए आपको फैसले लेते समय समझदारी दिखानी होती है। विराट अभी बेहद थके लग रहे हैं। इस समय अगर किसी को ब्रेक की जरूरत है तो वो कोहली ही हैं. फिर चाहें 2 महीने या डेढ़ महीने का हो, चाहें इंग्लैंड दौरे से पहले या बाद में, लेकिन उन्हें आराम दिया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि कोहली में अभी भी 6-7 साल का क्रिकेट बचा है और कोई भी यह नहीं चाहेगा कि आप मौजूदा स्थिति में हम उन्हें खो दें। साथ ही कहा कि वो अकेले ऐसे नहीं हैं, जो इस दौर से गुजर रहे हैं. इस समय विश्व क्रिकेट में एक-दो और खिलाड़ी ऐसे होंगे जो इससे गुजर रहे हैं. आपको समस्या का सामना करना पड़ेगा।

## मनोबल बनाये रखने के कारण ही मिली जीत : ऋषभ

**मुंबई** । दिल्ली कैपिटल्स टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि टीम में कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने के बाद भी हमने अपना मनोबल बनाये रखा था। उसी के कारण टीम जीत की राह पर लौटी है। टीम ने अब तक छह मैचों में तीन जीत हासिल की हैं। इस प्रकार अंक तालिका में कैपिटल्स टीम 8वें से छठे नंबर पर पहुंच गई है। इस मैच में दिल्ली के सलामी बल्लेबाज



डेविड वॉर्नर ने तीसरा अर्धशतक लगाया। वार्नर 60 रन बनाकर भी नाबाद रहे। ऋषभ ने सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और पृथ्वी शॉ की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि मैं इन दोनों को अपने अनुसार खेलने देता हूं क्योंकि इन्हें पता है कि क्या करना है। पंजाब के खिलाफ इन दोनों ने ही शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 83 रन बनाये। पृथ्वी 20 गेंद पर 41 रन बनाकर आउट हुए। वहीं वॉर्नर 40 गेंद पर 60 रन बनाकर नाबाद पेवेलियन लौटे। दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ पावरप्ले के पहले 6 ओवर में 81 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास उसका पावरप्ले का सबसे ब?ा स्कोर है। इससे पहले उसने 2008 में आसीबी के खिलाफ 71 रन बनाए थे। शॉ और वॉर्नर ने आईपीएल 2022 में पहले विकेट के लिए चौथी बार 50 से अधिक रन की साझेदारी की। इससे पहले उन्होंने लखनऊ के खिलाफ 7.3 ओवर में 67, केकेआर के खिलाफ 8.4 ओवर में 93 और आरसीबी के खिलाफ 4.4 ओवर में 50 रन जो? थे। शॉ ने अब तक 2 अर्धशतक भी लगाये हैं। वॉर्नर का रिकॉर्ड आईपीएल में बेहद ही शानदार है। वे सबसे अधिक रन बनाने विदेशी बल्लेबाज हैं। उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए 29वीं बार 50 से अधिक रन बनाए हैं। यह आईपीएल में किसी भी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## व्यापार न्यूज

### नेस्ले इंडिया का मुनाफा घटकर 594.71 करोड़

**नई दिल्ली** । एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनी नेस्ले इंडिया ने बताया कि लागत बढ़ने के कारण मार्च 2022 में समाप्त तिमाही के दौरान उसका मुनाफा 1.25 प्रतिशत घटकर 594.71 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में 602.25 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया था। गौरतलब है कि कंपनी वित्त वर्ष के रूप में जनवरी- दिसंबर का अनुसरण करती है। नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी बिक्री 9.74 फीसदी बढ़कर 3,950.90 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वर्ष समान अवधि में 3,600.20 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने बताया कि जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान उसका कुल खर्च 12.98 प्रतिशत बढ़कर 3,195.90 करोड़ रुपए हो गया, जो इससे पिछले साल की इसी अवधि में 2,828.61 करोड़ रुपए था। नेस्ले इंडिया की घरेलू स्तर पर बिक्री 10.23 फीसदी बढ़कर 3,794.26 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वर्ष समान अवधि में 3,442.03 करोड़ रुपए थी और निर्यात 0.96 फीसदी की गिरावट के साथ 156.64 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वर्ष समान अवधि में 158.17 करोड़ रुपए था।

### फियो ने समिति गठन का अनुरोध किया

**नई दिल्ली** । भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने वाणिज्य मंत्रालय से एक समिति के गठन का अनुरोध किया है जो देश के आयात रूझानों का आकलन करे और उत्पादों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दे जिससे कि व्यापार घाटा कम हो सके। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में 20 अप्रैल को हुई बैठक में फियो के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने यह मुद्दा उठाया। शक्तिवेल ने कहा कि आयात में वृद्धि और बढ़ते व्यापार घाटे के मद्देनजर एक समिति का गठन किया जा सकता है जो आयात के रूझानों का आकलन करे और ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन दे। उन्होंने मंत्रालय से अनुरोध किया कि निर्यातकों के लिए संशोधित परिवहन एवं विपणन सहायता (टीएमए) योजना लाई जाए। यह योजना पिछले महीने खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि योजना का समापन होने से कृषि निर्यातकों को झटका पहुंचा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर के छोटे व्यवसाय हैं।

### किआ इलेक्ट्रिक बाजार में उतारेगी सेडान ईवी6

**नई दिल्ली** । वाहन विनिर्माता किआ इंडिया ने कहा है कि उसकी भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में प्रवेश करने की योजना है और इसी क्रम में वह इस साल के आखिर में प्रीमियम इलेक्ट्रिक सेडान ईवी6 बाजार में उतारेगी। अभी किआ इंडिया सेल्टॉस और सोनेट जैसे मॉडल की बिक्री करती है। उसकी इलेक्ट्रिक सेडान की बुकिंग 26 मई से शुरू होगी। कंपनी ईवी6 की देश में अभी केवल 100 इकाइयों की ही बिक्री करेगी। किआ इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम भारत में नए स्तर का किआ अनुभव देंगे जिसकी शुरुआत ईवी6 के साथ की जाएगी। उन्होंने बताया कि ईवी6 किआ की सबसे अत्याधुनिक गाड़ी है और 2022 में इसकी सीमित संख्या में बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईवी6 के लिए बुकिंग 26 मई से शुरू होगी। इसे भारत में जल्द ही उतारा जाएगा।

### डॉलर के मुकाबले रुपया स्थिर रहा

मुंबई (ईएमएस)। विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रूख के बीच गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया लगभग स्थिर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निकासी निरंतर जारी रहने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार–चढ़ाव के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.28 पर मजबूत खुला लेकिन लाभ को जल्द ही गंवाते हुए यह 76.31 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे की तेजी के साथ 76.30 पर बंद हुआ था। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 100.56 पर पहुंच गया।

### जल्द आने वाली है शाओमी की इलेक्ट्रिक कार

# कई कंपनियां इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स व कार कर सकती है लॉन्च

**नई दिल्ली** । भारत में जल्द ही शाओमी, वनप्लस, एप्पल, वीवो, ओप्पो और सोनी समेत अन्य कंपनियां इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स या इलेक्ट्रिक कार लॉन्च कर सकती है। शाओमी ने भारत में 'शाओमी ईवी' नाम की नई इलेक्ट्रिक कार कंपनी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। दरअसल, लंबे समय से सुनने को मिल रहा है कि शाओमी चीन के साथ ही भारत समेत अन्य देशों में इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करेगी, जो लुक और फीचर्स के मामले में शानदार होगी। शाओमी की एक खास बात ये भी है कि यह कम दाम में अच्छे फीचर्स वाले प्रोडक्ट पेश कर देती है, ऐसे में कंपनी आने वाले समय में ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी तहलका मचाने की कोशिश में है और उसके लिए भारत एक बहुत बड़ा बाजार है, जहां समय के साथ इलेक्ट्रिक कारों की डिमांड बढ़ रही है। भारत में नंबर 1 स्मार्टफोन कंपनी शाओमी ने अगले 10 वर्षों में इलेक्ट्रिक वीइकल ऑपरेशंस की प्लानिंग, मैन्यूफैक्चरिंग और डिलेवपमेंट पर 10 बिलियन डॉलर से ज्यादा की राशि खर्च करने की योजना बनाई है। माना जा रहा है कि शाओमी की पहली इलेक्ट्रिक कार सेडान या एसयूवी सेगमेंट की होगी। हाल ही में शाओमी के सीईओ



और सह-संस्थापक ली जून ने कुछ समय पहले घोषणा की थी कि उनकी कंपनी ने शाओमी ईवी नाम की नई सब्सिडियरी कंपनी के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि शाओमी की पहली इलेक्ट्रिक कार जल्द ही सड़कों पर दिखने लगेगी और लोगों के सामने सस्ते विकल्प आएंगे। आपको बता दें कि भारत समेत दुनियाभर में आने वाला समय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का ही है। जल्द ही टेस्ला की इलेक्ट्रिक कार भारत में लॉन्च होने वाली हैं। इसके साथ ही और भी देसी-विदेशी कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी इलेक्ट्रिक कारें पेश करेंगी। महिंद्रा और टाटा जैसी देसी कंपनी तो काफी आक्रामक होकर इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। भारत जैसे देश में जहां पेट्रोल और डीजल के साथ ही सीएनजी की कीमतें काफी तेजी से बढ़ी हैं, ऐसे में काफी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक कारों की तरफ शिफ्ट कर रहे हैं। ऐसे में आने वाले 5 से 10 वर्षों के दौरान भारतीय सड़कों पर लाखों इलेक्ट्रिक कारें दिख सकती हैं। इस कोशिश में सरकार के साथ ही ऑटोमोबाइल कंपनियां भी लगी हुई है। मालूम हो कि भारत में इलेक्ट्रिक कारों की खूब बिक्री हो रही है और आने वाले समय में इलेक्ट्रिक कारों की बाढ़ सी आने वाली है। दरअसल, टेसला के साथ ही दुनियाभर की टेक्नॉलजी कंपनी में इलेक्ट्रिक वीइकल सेगमेंट में एंट्री की कोशिश में है।

## सोना और चांदी की कीमत हुई कम

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में गिरावट के दबाव में घरेलू सराफा बाजार में गुरुवार को कमजोरी देखी गई है। गुरुवार को एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.10 फीसदी की गिरावट के साथ 52,576 रुपए प्रति दस ग्राम हो गई, जबकि चांदी के दाम में भी 0.35 फीसदी की कमी आई और इसकी कीमत गिरकर 68,164 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। बीते तीन दिनों से लगातार कीमती धातुओं की कीमत में गिरावट दर्ज की जा रही है। गुरुवार को सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन भी कमोडिटी मार्केट में सोने और चांदी के भाव में नरमी देखने को मिली। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

## ग्रामीणों श्रमिकों के लिए मुद्रास्फीति बढ़ी

**नई दिल्ली** । कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर क्रमश- 6.09 प्रतिशत और 6.33 प्रतिशत पर पहुंच गई। कुछ खाद्य पदार्थों और कपड़ों के दाम बढ़ने से इसमें इजाफा हुआ है। श्रम ब्यूरो ने कहा ?कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक (सीपीआई-एएल) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ग्रामीण श्रमिक (सीपीआई-आरएल) मार्च, 2022 में क्रमश- 6.09 प्रतिशत और 6.33 प्रतिशत रहा। फरवरी, 2022 में यह क्रमश- 5.59 प्रतिशत और 5.94 प्रतिशत पर था। वहीं एक साल पहले समान अवधि में यह क्रमश- 2.78 प्रतिशत और 2.96 प्रतिशत था। बयान में कहा गया है कि मार्च, 2022 में खाद्य मुद्रास्फीति क्रमश- 4.91 प्रतिशत और 4.88 प्रतिशत रही, जो फरवरी, 2022 में 4.48 प्रतिशत और 4.45 प्रतिशत तथा एक साल पहले समान महीने में 1.66 प्रतिशत और 1.86 प्रतिशत रही थी।

## बर्कशायर हैथवे इंक के एक शेयर की कीमत 4 करोड़ रुपये

मुंबई । शेयर बाजार में निवेश कर लंबी अवधि में मोटा पैसा बनाया जा सकता है। भारत में भी तेजी से शेयर बाजार में निवेश का रुझान बढ़ा है, खासकर रिटेल निवेशकों की संख्या पिछले दो वर्षों में तेजी से बढ़ी है। दरअसल, हमेशा निवेशकों को सलाह दी जाती है, कि छोटी रकम से निवेश की शुरुआत करना चाहिए। लोग बेहतर रिटर्न के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियों में निवेश करते हैं। सभी स्टॉक्स की अलग-अलग कीमत रहती है। ज्यादातर रिटेल निवेशकों का सस्ते शेयरों पर फोकस होता है। वहीं दुनिया में एक से बढ़कर एक महंगे शेयर हैं। कुछ शेयरों की कीमतें सुनकर ही होश उड़ जाते हैं, उसमें निवेश की कल्पना भी नहीं कर सकते।

हम आपको बताते हैं, दुनिया में सबसे महंगे शेयर कौन से हैं? उस कंपनी का मालिक



कौन है? दरअसल, दुनिया के सबसे महंगे शेयर की कीमत करोड़ों में है। दुनिया में सबसे महंगे स्टॉक बर्कशायर हैथवे इंक का है। इस कंपनी के एक शेयर की कीमत 4 करोड़ रुपये से ज्यादा है। 20 अप्रैल के हिसाब से बर्कशायर हैथवे इंक के एक शेयर की कीमत 523550 डॉलर (4,00,19,376 रुपये) रुपये है। इस कंपनी में हर निवेशक पैसा लगाना चाहता है, लेकिन जब कम से कम 4 करोड़ रुपये होगा, तभी वहां एक शेयर खरीद सकता हैं, इसके बाद अधिकतर लोगों के लिए बर्कशायर हैथवे इंक में निवेश एक सपना बनकर रह जाता है। बर्कशायर हैथवे इंक कंपनी के प्रमुख वॉरेन बफेट आज की तारीख में किसी पहचान के मोहताज नहीं है। दुनिया के सबसे महंगे शेयर वाली कंपनी बर्कशायर हैथवे इंक के प्रमुख वॉरेन बफेट ही हैं। दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट को दुनियाभर में लोग फॉलो करते हैं। कहा जाता है कि जिस कंपनी में वॉरेन बफेट निवेश करते हैं, उसके दिन बदल जाते हैं। फोर्ब्स के मुताबिक बर्कशायर हैथवे में वॉरेन बफेट की 16 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी का सबसे ज्यादा कारोबार अमेरिका में है।कंपनी में करीब 3,72,000 कर्मचारी काम करते हैं। बर्कशायर हैथवे इंक अमेरिका के अलावा चीन में विस्तार की योजना बना रही है।

## सेंसेक्स 423 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,250 के पार

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व और एशियन पेंट्स जैसे बड़े शेयरों के लाभ में जाने से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 423.14 अंक की तेजी दर्ज की गई। इस दौरान 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 423.14 अंक बढ़कर 57,460.64 अंक पर पहुंच गया, जबकि व्यापक निफ्टी 117.25 अंक चढ़कर 17,253.80 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, डॉ. रेड्डीज और एमएंडएम बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर नेस्ले, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट देखी गई। इससे पहले पिछले सत्र में बुधवार को तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 574.35 अंक की बढ़त के साथ 57,037.50 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 177.90 अंक की बढ़त के साथ 17,136.55 अंक पर बंद हुआ था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बुधवार को 3,009.26 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

# चारू असोपा के सिजलिंग अंदाज देख फैंस बोले- तौबा-तौबा



एक्ट्रेस सुष्मिता सेन की भाभी और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री चारू असोपा अपनी फोटोज को लेकर सुर्खियों में रहती हैं. चारू की शादी सुष्मिता के भाई राजीव सेन से हुई है. सोशल मीडिया पर एक्टिव चारू अपनी तस्वीरों से सोशल मीडिया का पारा बढ़ाती रहती हैं. चारू असोपा खूबसूरत तस्वीरों को सोशल मीडिया पर फैंस के बीच शेयर करती हैं. इसी बीच अब चारू की कुछ सिजलिंग तस्वीरें चर्चा में आई हैं. तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि चारू पर्पल कलर की ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं. चारू ने ये फोटोशूट किसी गर्डन एरिया में करवाया है. उनकी अदाएं लोगों को दीवाना बना रही हैं. इन तस्वीरों को पोस्ट करने के साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, लैवेंडर रंग एक सुकून देने वाला है. तस्वीरों को पसंद कर रहे फैंस कमेंट कर उनके इस लुक की तारीफ कर रहे हैं. कोई उन्हें एक यूजर ने लिखा- आपकी अदाएं- तौबा-तौबा. एक अन्य ने लिखा औप इतनी बेहद खूबसूरत हैं और ये रंग आप पर काफी जच रहा है. तस्वीरों पर कोई उन्हें हार्ट तो कोई फायर इमोजी बनाकर अपना प्यार जता रहा है. चारू ने इससे पहले रेड बिकिनी पहनकर लोगों के दिलों को धड़काया था. जितनी प्यारी वो इन तस्वीरों में लग रही हैं उतनी ही प्यारी वो जगह भी है जहां वो खड़ी हुई हैं. ये तस्वीरें तब की हैं जब चारू अपने पति राजीव के साथ वैकेशन पर थीं. उस दौरान उनकी कई बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो हुई थीं. चारू की शादी सुष्मिता के छोटे भाई राजीव सेन से हुई है।

## लाइव सेशन में आलिया भट्ट के साथ नजर आए रणबीर



बॉलिवुड इंडस्ट्री के चर्चित कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अपने रिश्ते को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। अब दोनों एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। हाल ही में आलिया भट्ट का एक पुराना इंस्टाग्राम लाइव सेशन सामने आया है, जिसमें वह अपने फैंस और फॉलोअर्स के साथ बात कर रही थीं। इसी दौरान रणबीर कपूर भी नजर आए, जिसके बाद फैंस ने मजेदार कॉमेंट किए। दरअसल, आलिया भट्ट इंस्टाग्राम लाइव सेशन में जानवरों और नेचर के प्रति अपने प्यार पर बोल रही हैं। इस दौरान वह हाथी देखने की बात करती है, उनके पीछे शीशे में एक रिफ्लेक्शन दिखाई देता है। आलिया भट्ट के फैंस का मानना है कि रणबीर कपूर ही हैं। वहीं, कैमरे पर ऐक्ट्रेस बात करती रहीं। इसके बाद फैंस ने कॉमेंट करना शुरू कर दिया। सूत्रों का कहना है कि आलिया भट्ट और रणबीर कपूर लॉकडाउन में रह रहे थे। इस साल की शुरुआत में रणबीर कपूर कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे और बाद में आलिया भट्ट की रिपोर्ट भी कोविड पॉजिटिव आई थी। कोरोना निगेटिव आने के बाद यह कपल मालदिव छुट्टियों पर गए था। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर एक-दूसरे को तीन साल से अधिक समय से डेट कर रहे हैं। वहीं, वर्कफ्रंट पर आलिया भट्ट और रणबीर कपूर पहली बार डायरेक्टर अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगे। इस फिल्म में इन दोनों के अलावा अमिताभ बच्चन, डिंपल कपाड़िया, मौनी रॉय और अक्किनेनी नागार्जुन महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

### रणबीर कपूर के साथ रोमांस करना चाहती हैं समांथा अक्कीनेनी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर और सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों की लिस्ट में समांथा अक्कीनेनी का नाम भी आता है। जो जल्दी ही बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेई के साथ वेब सीरीज द फैमिली मैन सीजन 2 में नजर आने वाली हैं। इस वेब सीरीज के साथ समांथा अक्कीनेनी डिजिटल दुनिया में डेब्यू करने वाली हैं और ये वेब सीरीज इसी 4 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। कुछ दिनों पहले ही मेकर्स ने इसका ट्रेलर रिलीज किया था। जिसको दर्शकों की तरफ से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। वेब सीरीज द फैमिली मैन सीजन 2 का ट्रेलर देखने के बाद दर्शक इस वेब सीरीज के लिए काफी क्रेज़ी है और जल्द ही इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि वेब सीरीज द फैमिली मैन सीजन 2 में समांथा अक्कीनेनी एक तमिल लिब्रेशन एएलटीटी के मेंबर के रूप में नजर आने वाली हैं। इसका मतलब ये है कि सिल्वर स्क्रीन पर समांथा अक्कीनेनी और मनोज वाजपेई का जबरदस्त अंदाज दिखाई देने वाला है।

# द फैमिली मैन 2 के ट्रेलर की दीवानी हुई शहनाज गिल



मनोज बाजपेयी की वेब सीरीज द फैमिली मैन 2 के प्रीमियर का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. इस सीरीज से साउथ की स्टार सामंथा अक्किनेनी डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं. हाल ही में द फैमिली मैन 2 का ट्रेलर रिलीज हुआ है जो फैंस को काफी पसंद आ रहा है. बिग बॉस 13 फेम शहनाज गिल ने हाल ही में सीरीज का ट्रेलर देखा है और इससे बहुत इंप्रेस हो गई हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रेलर की तारीफ की है. शहनाज गिल ने ट्वीट करके इसकी तारीफ की है और उन्होंने बताया है कि वह सीरीज का पहला सीजन दोबारा देखना चाहती हैं. शहनाज ने ट्वीट किया- फैमिली मैन का ट्रेलर देखकर मजा आ गया. सिद्धार्थ शुक्ला सीजन 1 वापस देखना तो बनता है. क्या कहते हो? शहनाज ने द फैमिली मैन सीजन 1 को दोबारा देखने के लिए सिद्धार्थ से पूछा तो वह भी ट्रेलर की तारीफ करे बिना खुद को रोक नहीं पाए. सिद्धार्थ ने शहनाज के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा- श्री, श्री, श्रीकांत जी, इस मिनिमन लड़के को वापस देखना ही पड़ेगा. तुम्हारी बात से सहमत हूं शहनाज. मनोज बाजपेयी क्या कड़क ट्रेलर है. सिद्धार्थ शुक्ला वेब सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 से डिजिटव डेब्यू करने जा रहे हैं. इस सीरीज में सिद्धार्थ के साथ सोनिया राठी लीड रोल में नजर आएंगी. ब्रोकन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसका प्रीमियर 29 मई को होने जा रहा है. शहनाज गिल ने हाल ही में इंस्टाग्राम लाइव सेशन किया था जिसमें उन्होंने अपने फैंस से सिद्धार्थ की आने वाली सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 को देखने की अपील की है. शहनाज गिल जल्द ही पंजाबी फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आने वाली हैं. उनकी आने वाली फिल्म का नाम हौंसला रख है. फिल्म की शूटिंग कनाडा में पूरी हो चुकी है. फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर शहनाज से सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी थी. यह फिल्म सितंबर के महीने में रिलीज होगी।

# क्या पेट में दर्द होता है? जानिए असली वजह क्या है

इससे पेट खराब हो सकता है। लेकिन क्या आपके पेट में हमेशा किसी खास जगह पर दर्द होता है? अहां! वैसे तो दर्द पेट में होता है लेकिन एक समय में दर्द हमारे पेट में एक जगह महसूस होता है। लेकिन क्यों? पेट दर्द पर ज्यादा ध्यान कहां दें? आइए जानते हैं इन सवालों के जवाब-

### पेट में दर्द-

पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द आमतौर पर गैस्ट्रिक समस्याओं के कारण होता है। इस मामले में दर्द के अलावा, अन्य लक्षण, जैसे पेट में लहर की तरह महसूस करना, डकार आना आदि एक समस्या के रूप में देखे जाते हैं। यह आमतौर पर बहुत तेजी से खाने और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खाने के कारण होता है। ऐसे में आपको अस्वास्थ्यकर भोजन करने से बचना चाहिए और अधिक पानी पीना चाहिए। ज्यादा दर्द हो तो दवा लें।

### 2. छाती के निचले हिस्से, पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द और जलन-

आमतौर पर, यह नाराज़गी के कारण होता है। यह ग्लूटेन और मसालेदार भोजन के कारण होता है। इसके अलावा, यह कुछ खाद्य पदार्थों के कारण होता है और मुंह में एक अम्लीय स्वाद होता है। अगर ऐसा है तो सिगरेट और तले-भुने खाने से परहेज करें। एक बार में बहुत अधिक खाए बिना छोटे-छोटे भोजन करें। ज्यादा टाइट कपड़े पहनने से बचें।

### पेट में तेज दर्द-

जबकि दर्द के कई अन्य कारण हो सकते हैं, ऊपरी



छाती में इस कष्टदायी दर्द के लिए अल्सर को भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अगर पेट में शाब्दिक समस्या हो यानि पेट का कोई हिस्सा खराब हो जाए तो अल्सर बन जाता है। दर्द के अलावा, अल्सर की विशेषता भूख में कमी, नाक बहना, काला या खूनी मल, तेजी से वजन कम होना आदि है। यह अत्यधिक धूम्रपान, एस्पिरिन, इबुप्रोफेन और शराब के सेवन के कारण हो सकता है। ऐसे में डॉक्टर शराब, अत्यधिक दवा आदि से दूर रहने और पर्याप्त मात्रा में स्वस्थ भोजन करने की सलाह देते हैं।

### 4. पेट फूलना और जी मिचलाना-

यह तब हो सकता है जब आपका पाचन तंत्र बहुत संवेदनशील और कमजोर हो। इसे इरिटेबल बाउल सिस्टम के नाम से भी जाना जाता है। इस मामले में कुल मिलाकर दो बातें हो सकती हैं। बहुत तेजी से काम करने से डायरिया हो सकता है और बहुत धीमी गति से काम करने से कब्ज हो सकता है। हालांकि इसके पीछे मुख्य कारण क्या है, यह निश्चित तौर पर पता नहीं चल पाया है, लेकिन डॉक्टर खान-पान पर ज्यादा ध्यान देने की सलाह देते हैं।

### दस्त और पूरा पेट दर्द-

अगर आपके पेट में बहुत तेज दर्द के साथ दस्त, नाक बहना, जी मिचलाना, बुखार और सिरदर्द है तो इसका कारण पेट फ्लू हो सकता है। एक शब्द में इसे गैस्ट्रोएंटेराइटिस कहते हैं। यह आमतौर पर दूषित पानी और भोजन पीने के कारण होता है। इससे बचने के लिए खाना खाने से पहले हाथ जरूर धोएं। दूसरों का प्रयोग न करें। अगर आप करते हैं, तो इसे अच्छी तरह से साफ करें और फिर इसका इस्तेमाल करें।

# बाड़ीवाला की भूमिका निभाने से मैं समुदाय के प्रति अधिक दयालु बना: विवान शाह



अभिनेता विवान शाह का कहना है कि फिल्म कबाड़ : द कॉइन में एक स्क्रैप डीलर की भूमिका निभाने से उन्हें यह जानने में मदद मिली कि स्क्रैप डीलरों को एक समुदाय के रूप में जीवन में किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विवान ने बताया हम कबाड़ीवालों (स्क्रैप डीलर्स) और हमारे घरों और कार्यालयों से हर दिन कचरा इकट्ठा करने वालों को देखते हैं, लेकिन हम उनके जीवन के बारे में एक पल भी नहीं सोचते हैं। यह उनके अथक प्रयास का नतीजा है जो हम साफ शहर में रहते हैं, लेकिन वह अत्यधिक गरीबी और कठिनाई में रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कबाड़ीवाला की भूमिका निभाने से मुझे हकीकत में उन पर दया आई है। ऐसे लोग भी हैं जो कम पैसा कमाते हैं लेकिन फिर भी समाज में सम्मान रखते हैं। हम इन कचरा और कबाड़ संग्राहकों को कोई सम्मान या वित्तीय सहायता नहीं देते हैं। कल्पना कीजिए, अगर उन्होंने कचरा, कूड़ा, करकट इकट्ठा करना बंद कर दिया, तो हम लगभग कूड़ेदान में रहेंगे! लेकिन फिर भी क्या हम उन्हें धन्यवाद देते हैं, जब वे हमारे घरों से कचरा इकट्ठा करते हैं? विवान के लिए, यह भूमिका रोमांचक थी। उन्होंने कहा, मेरे लिए इस भूमिका को निभाना रोमांचक था जो ठेठ बॉम्बेया टपोरी बोली में बोलता है। मैं बॉम्बे का लड़का हूं जो इस भाषा को सुनते हुए बड़ा हुआ हूं। उस बोली में बात करना मजेदार था। फिल्म की कहानी एक युवा छात्र बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे जीवित रहने के लिए एक स्क्रैप डीलर की नौकरी करने के लिए मजबूर किया जाता है । आखिर में उसे सोने के सिक्कों से भरा बैग मिलता है। जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, यह सामने आता है कि कैसे उसका जीवन बदल जाता है, बल्कि, उसे भावनात्मक उथल-पुथल और विश्वासघात के माध्यम से खतरे में डाल देता है।

# जानिए बालों में क्यों इस्तेमाल करना चाहिए सीरम, इसे घर पर तैयार करने का क्या है तरीका!



ज्यादातर लोगों को बालों की बेहतर देखभाल के लिए शेंपू और कंडीशनर के इस्तेमाल के बारे में तो पता है, लेकिन सीरम को लेकर वे अक्सर कन्फ्यूज रहते हैं. इसकी वजह है कि वे ठीक से जानते ही नहीं हैं कि सीरम बालों को कैसे फायदा पहुंचाता है. यहां जानिए सीरम से होने वाले फायदों और होममेड सीरम बनाने के तरीके के बारे में. दरअसल हेयर सीरम एक सिलिकॉन बेस्ड प्रोडक्ट है जो बालों की सुरक्षा के लिए लेयर तैयार कर देता है. इससे बालों को धूप, प्रदूषण और धूल-मिट्टी के कारण होने वाले नुकसान कम हो जाते हैं. हेयर सीरम आपके बालों को पोषण देता है और बालों को शाइनी, सिल्की और स्मूद बनाता है. इसके अलावा हीटिंग टूल्स जैसे इलेक्ट्रिक कर्लर और स्ट्रेटनर वगैरह से होने वाले नुकसान को कम करता है.

**ऐसे बनाएं होममेड सीरम:** घर पर सीरम बनाने के लिए आपको कोई खास मशक्कत करने की जरूरत नहीं है. इसे बनाने के लिए आपको सिर्फ चार चीजें बादाम का तेल, अरंडी का तेल, एसेंशियल ऑयल और गुलाब जल चाहिए. इसके अलावा एक स्प्रे बोतल चाहिए. जानिए कैसे तैयार किया जाता है होममेड सीरम.

**ऐसे करें तैयार:** दो बड़े चम्मच बादाम के तेल में एक चम्मच अरंडी का तेल मिलाएं और करीब 5 से 6 बूंदें एसेंशियल ऑयल की डालें. अब चार बड़े चम्मच गुलाब जल को इसमें डालें और सारी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके इसे एक स्प्रे बोतल में भरकर फ्रिज में रख दें. ध्यान रहे कि जब भी आप घर पर सीरम बनाएं तो इसे 5-6 बार इस्तेमाल करने लायक मात्रा में ही बनाएं। ज्यादा दिनों के लिए स्टोर करके नहीं रखें.

**इस तरह करें इस्तेमाल:** सीरम का पूरा फायदा लेने के लिए इसे इस्तेमाल करने का तरीका भी पता होना चाहिए. सबसे पहले तो ये जान लीजिए कि सीरम को हमेशा बाल धोने के बाद इस्तेमाल किया जाता है. जब बाल न ज्यादा गीले हों और न ज्यादा सूखे हों यानी बालों में नमी की स्थिति में इसे लगाना चाहिए।

## सपनों को पूरा करने के लिए मैसी फिल्म एकमात्र तरीका नहीं : सलोनी बत्रा

अभिनेत्री सलोनी बत्रा ने अब तक कॉटेंट ड्रिवन रोल के जरिये अपनी अदाकारी की एक छाप छोड़ी है । वह इस विचार से सहमत नहीं हैं कि आम लोगों के लिए एक मैसी फिल्म में काम करना बॉलीवुड में बड़ा बनाने का एकमात्र तरीका है। फिल्मों की दुनिया में



अपनी पहचान बनाने के बारे में उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगी कि यह आसान है, लेकिन फिर कुछ भी नहीं है। यह कोई विशेष प्रक्रिया नहीं है, और मुझे इसे फिगर आउट करने में थोड़ा समय लगेगा। सनोली ने कहा, बॉलीवुड एक बहुत ही आकर्षक जगह है जहां कई प्रतिभाशाली कलाकार एक स्टार बनने का एक ही सपना देखते हैं। मैं जीवन में उस बड़े ब्रेक को चाहने के मामले में अलग नहीं हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बड़ी फिल्म में काम करना ही मेरे सपनों को पूरा करने का एकमात्र तरीका है। ओटीटी रिलीज सोनी और तैश में सलोनी के अभिनय की प्रशंसा की गई है। वहीं सलोनी फिल्म उलझन (जिसे अंतर्राष्ट्रीय सर्ट में द नॉट के रूप में भी जाना जाता है) का एक हिस्सा है, जो जल्द ही लॉस एंजिल्स के भारतीय फिल्म महोत्सव दिखाई जाएगी। उलझन को सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाया गया था। फिल्म का निर्माण कार्तिकेय नारायण सिंह ने किया है।

## हिंसा की जगह नहीं

जहांगीरपुरी में बुधवार को दिल्ली नगर निगम ने अवैध निर्माण गिराने की कार्रवाई शुरू की। एक घंटे के भीतर ही सुप्रीम कोर्ट ने इस ऑपरेशन पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट उस याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है, जिसमें दंगे के आरोपियों के घर गिराने का विरोध किया गया है। यह कार्रवाई तब शुरू की गई, जब हनुमान जन्मोत्सव पर जहांगीरपुरी में शोभायात्रा के दौरान हिंसा भड़क गई थी। अब तक की कार्रवाई में कई ऐसे तत्व सामने आए, जो समाज के लिए खतरा है। ये लोग न हिंदू हैं न मुस्लिम। ये समाज के दुश्मन हैं। इन लोगों पर कार्रवाई के लिए बुलडोजर चलाया गया। आमतौर पर यही माना जाता है कि पर्व-त्योहार या धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन समाज में सौहार्द की भावना को मजबूत करने के मौके होते हैं। ऐसे आयोजनों में शामिल लोग आपसी कड़वाहटों को भी भूल कर इंसानियत के रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। यों भी हर धर्म का मूल तत्व मानवीय मूल्यों का प्रसार करना है और यह सुनिश्चित करना हर धार्मिक आस्था से जुड़े व्यक्ति की जिम्मेदारी भी है। लेकिन पिछले कुछ समय से धर्म और आस्था से जुड़े कार्यक्रमों की प्रकृति में जिस तरह के बदलाव देखे जा रहे हैं, वे बेहद चिंताजनक और दुखद हैं। हालत यह है कि देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली भी ऐसे विवादों और हिंसा से मुक्त नहीं रह पा रही है। इस साल रामनवमी के बाद हनुमान जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान जैसे दृश्य में देखने में आए और उसके बाद जिस तरह की हिंसक घटनाएं हुईं, उनसे जाहिर है कि सद्भाव के मौके अब अलग-अलग धार्मिक समूहों के बीच तनाव और टकराव तक में बदल रहे हैं। सवाल है कि दुनिया में किस धर्म के मूल्य इंसानियत के विरुद्ध प्रतिद्वंद्विता और हिंसा का पाठ पढ़ाते हैं? गौरतलब है कि दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में शनिवार को निकाले गए रामनवमी के जुलूस में दो समुदायों के बीच हिंसक टकराव हो गया। पुलिस ने हस्तक्षेप करके हालात को संभालने की कोशिश की। लेकिन इस बीच सामने आई घटनाओं ने किसी भी संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक को यह सोचने के लिए मजबूर किया कि आस्था और पर्व के आयोजन में नाहक प्रतिद्वंद्विता के लिए कितनी जगह होनी चाहिए और अगर ऐसा होता है तो अन्य पक्षों को ऐसे कितने संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए! विडंबना यह है कि जहांगीरपुरी में जो हुआ, उसमें अमूमन सभी पक्षों ने गैरजिम्मेदारी, लापरवाही और उतावलेपन का प्रदर्शन किया। नतीजतन, जुलूस पर पथराव और फिर हिंसा की घटनाओं ने आस्था प्रदर्शन के एक मौके को दुखद स्वरूप दे दिया। सवाल है कि हनुमान जयंती पर निकाले गए जुलूस के आयोजकों को यह ध्यान रखने की जरूरत क्यों नहीं महसूस हुई कि अगर यात्रा में शामिल लोग हथियार प्रदर्शन या किसी स्तर पर कानून की कसौटियों का उल्लंघन कर रहे हैं और उससे उकसावे या उत्तेजना जैसी स्थिति बन रही है तो उसे संभाला जाए! फिर दूसरे पक्ष को अगर जुलूस की कोई गतिविधि आपत्तिजनक लगी, तो उस पर खुद कोई अराजक प्रतिक्रिया करने के बजाय उन्होंने पुलिस की मदद लेने की जरूरत क्यों नहीं समझी! इसके अलावा शोभायात्रा में शामिल लोगों की गतिविधियां आदि देखने के बावजूद पुलिस ने उचित कदम क्यों नहीं उठाए? अब पुलिस की ओर से कहा गया कि उस जुलूस के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। हैरानी की बात है कि किसी छोटी घटना पर भी तत्काल प्रतिक्रिया कर हालात संभालने की क्षमता रखने का दावा करने वाली पुलिस की इजाजत के बिना सरेआम ऐसी शोभायात्रा का आयोजन कैसे संभव हो गया? अगर ऐसा था तो पुलिस ने हिंसक माहौल पैदा होने के पहले उसे रोकने की कोशिश क्यों नहीं की?

# हिमाचल में अपराध-संस्कृति बढ़ने से जनमानस खौफजदा?

**नरेन्द्र भारती**

विश्व में देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल में अपराध-संस्कृति बढ़ने से देवभूमि कुख्यात होती जा रही है। प्रतिदिनहो रहे अपराधों से जनमानस खौफजदा होता जा रहा हैं।अपराध बड़े पैमाने पर बढता ही जा रहा है,उना के अंब में 5 अप्रैल 2022 को 15 साल की बेटी प्राची की एक सिरफिरे युवक द्वारा गला रेत कर हत्या करना एक बहुत ही जघन्य व नृशंस अपराध है।अभी हिमाचली 2017 में हुए गुडिया दुष्कर्म व हत्याकांड को नहीं भूले हैं तो फिर से उना में प्राची हत्याकांड ने नई इबारत लिख दी है।ऐसे दरिदों को फांसी की सजा देनी चाहिए। प्रदेश में अपराधों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है।प्रदेश में कभी गुड़िया हत्याकांड़,कभी युग अपहरण कांड तो कभी मंडी तेजाब कांड व कभी उना में प्राची हत्याकांड होते जा रहे है।अपराधियों को सजा ए मौत दी जाए ताकि ऐसे हत्याकांडों पर विराम ले सके।प्रदेश के हर जिले में लावारिस लाशें मिल रही है।दुष्कर्म हो रहे हैं,दहेज हत्याएं हो रही है।शहरों से लेकर गांव तक सरेआम हत्याऐं हो रही है।दरिदें दनदना रहे हैं।यह बहुत ही त्रासदी है।बेलगाम हो चुके अपराधी बेखौफ होते जा रहे हैं।अपराधी कानूनों को धता बताकर दरिदंगी कर रहे हैं।आखिर कब तक यह अपराधों की हदें लांघी जाएगी।हिमाचल एक शांत प्रदेश है मगर अपराधों के कारण अंशांत होता जा रहा है।एक समय ऐसा भी था कि यहां महानगरों की तरह अपराध नहीं होते थे पूरे देश में देवभूमि की मिसालें दी जाती थी कि हिमाचल सचमुच देवभूमि है मगर बढ़ते अपराधों के कारण दैत्यभूमि बनती जा रही है। देवभूमि में ऐसे दानव प्रवेश कर रहे है जो इस प्रदेश को अपराधों की शरणस्थली बनाने पर तुले है मगर उनके यह मकसद कभी कामयाब नहीं हो सकते। प्रतिदिन घटित हो रहे अपराधों से हिमाचल बदनाम होता जा रहा है इसकी साख पर दाग लगते जा रहे हैं।इन अपराधों के कारण बेटियों की सुरक्षा पर प्रशनचिन्ह लगता जा रहा है।उना में हुए छात्रा हत्याकांड से हर सवेदनशील हिमाचली उद्वेलित हुआ है। प्रदेश के इतिहास में यह कोई प्रथम घटना नहीं है इससे पहले ऐसी वारदातें हो चुकी हैं। अगर बीती घटनाओ ंसे सबक सीखा होता तो आज ऐसा हादसा नहीं होता अगर पहले हुए हादसों में अपराधियों को सख्त सजा मिली होती तो अपराधियों के मन में एक डर होता। पुलिस को ऐसे अपराधियों को सरेआम चैराहों पर सबक सीखाना चाहिए ताकि ऐसे जहरीले नागों का फन कुचला जा सके जो समाज के लिए घातक साबित हो रहे हैं।सरकार को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना होगा। प्रदेश में लाखों के हिसाब से प्रवासी लोग रोजी रोटी के आते रहतें है मगर इनका कोई पंजीकरण तक नहीं होता यदि समय पर इनका रिकार्ड जांच किया जाता रहे तो ऐसें हादसे रुक सकते हैं।प्र्रवासी लोगों की इन घटनाओं से हिमाचल के लोग खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं। प्रवासी लोग प्रदेश की शांति को ग्रहण लगा रहे हैं। आज पता नहीं कितने लोग बिना पंजीकरण के रह रहे है इनका साया प्रदेश के प्रत्येक गांव शहर में फैलता जा रहा है।आजिविका के नाम पर यह लोग आते है मगर समय की नजाकत देखकर घिनौनी वारदातों को करते हैं। यह प्रदेश के लिए अशुभ संकेत हैं कि देवभूमि के लिए विख्यात हिमाचल प्रवासी लोगों की वजह से बदनाम हो रहा है।कुछ समय पहले मंडी जिला के सलापड़ में एक प्रवासी युवक एक लडकी को भगाकर ले गया था जिसे पुलिस ने बरामद करके परिजनों के हवाले कर दिया था प्रदेश में अपहरण की वारदातें बढने से लोग भयभीत है।आज प्रदेश में नेपाल ,बिहार ,राजस्थान, झारखंड ,जम्मू कश्मीर के लोगों का तादात ज्यादा है। शहरो व गांव में लोग इन्हे बिना जांच पडताल के किराएदार रखते है चंद पैसों के लालच मे लोग जोखिम उठा रहे है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि प्रत्येक प्रवासी का पंजीकरण किया जाए यदि कोई अपराधिक मामलों में संलिप्त पाया जाता है जो उसे सीधे हवालात में डाला जाए। मकान मालिकों को भी आदेश दिए जाएं कि बिना किसी पहचान पत्र के किसी को कमरा न दिया जाए पूरी छानबीन करने के



बाद ही किरायेदारों को मकान दिया जाए। प्रशासन को समय समय पर ऐसे लोगों की पहचान करवानी चाहिए। आज औद्यागिक क्षेत्रों में लाखों की संख्या में प्रवासी मजदूरी कर रहे है मगर कितने लोग थानो व पुलिस चैकियों में पंजीकृत है पता नहीं है।प्रशासन को चाहिए कि ऐसी वारदातों को रोकने के लिए टीमें गठित की जाएं जो इन प्रवासी लोगों की हरकतो पर नजर रखे इनके पिछले रिकार्ड की छानबीन करनी होगी। प्रदेश में प्रवासियों के इस सैलाब को रोकना होगा । जनमानस को एकजुट होकर इन लोगों को सबक सिखना होगा । हिमाचली लोगों को इस घटना से सबक लेना होगा । सरकार को भी ऐसे अपराधिक प्रवृति के लोगों को राज्य से बाहर करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो सके ।ऐसे लोगों को बख्शना नहीं चाहिए जो प्रदेश में अशांति फैला रहे है। प्रशासन को चाहिए कि इस पर तुरन्त कार्रवाई की जाए ताकि ऐसी वारदातों की पुनरावृति न हो सके।अपराधों का यह संक्रमण पूरे प्रदेश में फैलता जा रहा है जिला चंबा के तीसा में भी एक विवाहिता का अपहरण के बाद गैगरेप से भी देवभूमि के माथे पर एक दाग चंस्पा हो गया है हालांकि महिला को बरामद करके परिजनो के हवाले कर दिया

है मगर यह कोई समाधान नहीं है जब तक अपराधी को चैराहे पर सजा नहीं मिलेगी ऐसे हादसे रुकने के बजाए निरंतर बढ़ते ही जाएगें।हिमाचल में सिरफिरों द्वारा समय - समय पर ऐसें अपराधों को अंजाम देते रहते हैं बीते कुछ साल पहले मंडी में भी एक सिरफिरे ने चलती बस में लडकी पर तेजाब फैंक कर बुरी तरह ये घायल कर दिया था इस हादसे में उस लड़की की दोनों आखों की रोशनी चली गई थी।यह घटना हैवानियत व दरिदंगी की इंतहा नही ंतो और क्या है ऐसे हैवानों को सरेआम सजा देनी चाहिए।वर्तमान में समाज विकृतियों के दलदल में धंसता जा रहा है बहू-बेटियां न केवल बियावानों और चैराहों पर असुरक्षित है अपितू घर में भी असुरक्षित महसूस कर रही है।प्रदेश में बढते इन अपराधों से कानून व्यवस्था का जनाजा निकल गया है कि अपराधीयों के मन से कानून का जरा भी डर नहीं है और सरेराह बेंटियो से दुष्कर्म कर रहे है चाकू मार कर मौत के घाट उतार रहे है।एक समय था कि हिमाचल में ऐसी घटनाओं की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी मगर अब हर रोज ऐसें समाचार समाचारपत्रों की सुर्खियां बन रही है ।,पुलिस को भी ऐसे मामलों में संलिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसना चाहिए।प्रदेश में बढ़ते अपराधों के इस सैलाब को रोकना हर हिमाचली का नैतिक कर्तव्य है हर हिमाचली को समाज में पनप रहे असामाजिक तत्वो को नेस्तनाबूद करना होगा जो प्रदेश की शांति को अशात कर रहे हैं प्रदेश सरकार व प्रशासन हर बार अपराधों को रोकने के लिए योजनाएं बनाई जाती है मगर नतीजा शून्य ही निकल रहा है । अपराधों के बाद अपराधी जमानतों पर छूट जातें है जबकि ऐसे अपराधियों को आजीवन कारावास देना चाहिए ताकि जेलों में अपने कर्मों का पश्चाताप करके घूट-घूट कर मर सके और मौत की भीख मांगे तभी इन अपराधों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सकता है।प्रशासन को चाहिए इस प्रकार की दर्दनाक वारदातो को रोकने के लिए कारगर कदम उठाए ताकि फिर किसी सिरफिरें की बजह से किसी की बेटी की हत्या न हो सके।

दरिदें हर जगह दरिंदगी की शरणस्थली बना रहे । कुछ बीमार मानसिकता के लोगो ने हिमाचल की छवि को दागदार किया है, जनमानस को अब संकल्प लेना होगा।

## मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका। जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशर्त्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सर्वांगीण विवेचन उपलब्ध है। मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग।इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है।अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी संयम और समाधि का स्पर्श हो जाए तो वह मरण पंडित मरण की गणना में आ जाता है। कुछ व्यक्ति मौत के नाम से ही घबराते हैं। वे जीवन को महत्व देते हैं। अपना-अपना चिंतन है। मुझे इस संबंध में अपने विचार देने हों तो मैं मृत्यु को वरीयता दूंगा।

## जलवायु अनुकूल नही, ट्रान्सफर करवा दे

**विनोद तकिया वाला**

विश्व के मान चित्र में भारत भुमि को विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए आवश्यकता है,असंख्य संख्याओं मेंआस्थावान निष्ठावान,सत्यवान चरित्रवान उम्मीदवार की बम्बफर वैकेंसी है। सिर्फ आवश्यकता है पारखी नज़र की।आप सोच रहे होगें कि खबरी लाल को क्या हो गया है। आज ये बहकी-बहकी बातें कर रहा है।आप चोकियें मत है।सिर्फ आप को अपने आस पास घटती होने वाले घटना पर गहन चिन्तन मनन करने की।आप परेशान हो रहे होगे कि खबरीलाल की तिरछी नज़र व पैनी लेखनी की किस घटना पर आधारित आलेख का विषय आज क्या है।चलियें आप को ज्यादा परेशान ना करते हुए राज से पर्दा हटाते हुए आज कहानी से रू बरू कराते है।आज की इस कहानी के केन्द्र विन्दू में एक वरिष्ट परिपक्क राजनेता,एक भारतीय पुलिस सेवा के सेवा निवृत डी जी पी,एक मासिक पत्रिका के संपादक व एक मेरे अभिन्न ,अन्तरंग % मीडिया मित्र के संग अंतरिम व दिलचस्प बात के कुछ अंश।÷जलवायु व वातावरण अनुकूल नही है,ट्रान्सफर करवा दे आज रविवार होने के कारण अधिकांश कार्यालय में अवकाश है।समय दोपहर,मौसम गर्म होने के कारण दिल्ली के चर्चित मण्डी हाउस के फिरोजशाह रोड की। जिसके दोनो किनारे पर सांसदो का सरकारी आवास अवस्थित है।

जैसा कि सर्व विदित है कि अधिकत्तर लोग अपनी जीवन जीविका के लिए देश की राजधानी व दिलवालों की शहर दिल्ली में आते है,और यही का होकर रह जाते हैं।अगर आप को भी नौकरी की जरूरत है तो आप के लिए अच्छी खबर है।लेकिन इसके लिए आपको किसी विशेष शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता की आवश्यकता नही होगी,बल्कि आप को अपने वॉस या मालिक के प्रति आस्थावान, निष्ठावान व चरित्रवान व सत्यवान होने की।भले आपको नौकरी या सेवा देने वाला व्यक्ति,स्वयं ही महा बेईमान,चरित्रहीन ,भष्टवान क्यू ना हो।लेकिन आप को अपने नियोक्ता के प्रति पूर्ण निष्ठा % सेवा भाव व समर्पण से रहना होगा।मै यह जानकर ना हैरान हुँ बल्कि परेशान भी हूँ।मेरी मनोभाव को भांपते हुए आज के मेजबान व तत्कालीन राज्य सभा के सांसद जी कहा कि आप बिलकुल ही परेशान ना हो %आज के वर्तमान परिपेक्ष में यही परिपार्टी चल रही



है।हम सभी भारत को विश्व गुरु बनाने का दिवा स्वपन्न देखते रहते है।अधिकांश लोग उपर से सिद्धांतवादी व गाँधी वादी देखते है,चाहे वह राजनीतिक दल के अध्यक्ष या कार्यकता हो समाज के सफेद पोश व्यक्ति।सभी लोगो को अपने अधीनस्थ कार्य करने वाले को ईमानदार,कर्म निष्ट,चरित्रवान व्यक्ति चाहिए।चाहे वह सता के सर्वोच्य शिखर पर बैठे प्रधान ही क्यू ना हो। वे भीअपने मंत्री मण्डल मे शामिल होने वाले मंत्री को भी एक उनके प्रति पूर्ण वफादार व्यक्ति चाहते है ऐसे ही केबनेट मंत्री जी को राज्य मंत्री जी राज्य मंत्री भी अपने सभी %सहकर्मी सर्व गुण संपन्न चाहिए !इस संदर्भ में आज के विशेष विशिष्ट मेहमान व मेजबान के रूप में मध्य प्रदेश के रीवा जिले के राज्य सभा से वर्तमान सांसद राजमणि पटेल जी है।आप ने अपनी राजनीति यात्रा की शुरूआत 70 के दशक में की। आप सन 1972 - 2003 मध्य प्रदेश विधान सभा के विधायक रहे , इस अवधि में सन 1982 से 1985 तक चेयर मैन पुल निमार्ण समिति में थे।सन 1985 मे ओ वी सी अध्यक्ष 1985-1990 वित्त,कानुन व संसदीय मामले मध्य प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार के रूप में मंत्री रहे। सन1998 से2003 तक योजना क्रियान्वयन व सांख्यिकी मंत्रालय केन्द्रीय मंत्री मध्य प्रदेश रहे।माह अप्रैल 2018 से राज्य सभा में सांसद सदस्य है।जुन 2018 मई -2019आप केन्द्रीय कृषि समिति में परामर्शदात्री सदस्य कृषि व कृषक कल्याण समिति में सदस्य थें।सितम्बर2019 उपभोक्ता मामले व जनवितरण समिति में सदस्य,अक्तुबर 2019 से शहरी आवास - विकाश मंत्रालय की विशेष परामर्श दात्री समिति के सदस्य है।आज के विशेष बातचीत के दौरान कई दिलचस्प वाकिया हम सभी के समाने आया । जिसमें दो घटना की चर्चा मै आप सभी से करना चाहुंगा।जब राजमणि पटेल मध्य प्रदेश विधान सभा के विधायक तथा मध्य प्रदेश पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष थे।इस दौरान आप पुल निर्माण के कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुँच गये। लेकिन कार्य स्थल पर छोटी सी बाते को लेकर पुल निमार्ण कार्य अवरुध्द था।पटेल जी अपने स्वाभाव के अनुसार वस्तु स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निर्माण कार्य प्रारम्भ करने क आदेश दिया बल्कि एक विशेष आदेश जारी कर दिया कि छोटे - छोटे कारणों के कारण निर्माण कार्य कभी भी ना रोका जाय।अगर कोई आप से पूछे तो कह देना अध्यक्ष जी ने आदेश दिया है।

# मानवता के हित में धरा को बचाना जरूरी!

### सूडोकु नवताल- 6048

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6047 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

आज हमारी धरा दिन पर दिन हमारी लापरवाही, ढीठपन, हठधर्मिता एवं मनमानी हरकतों का शिकार होकर संकट में घिरी जा रही है। कब इस धरा पर हमारी इन आदतों के चलते महाप्रलय आ जाय एपं संपूर्ण धरा अस्तित्वविहीन हो जाय कुछ कहा नहीं जा सकता। पृथ्वी दिवस के अवसर पर आज सभी के लिये यह विचारणीय है , आने वाले संकठ से अपनी धरा को कैसे बचाया जाय। जब कि हम सभी जानते है कि यदि धरा सुरक्षित है तो हम सभी सुरक्षित है।

आज संकट के बीच चारों ओर घिरी धरा पर विनाश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस विनाश के क्रम में कोरोना काल को देखा जा सकता है जहां इसके दूसरे चरण में आक्सीजन की कमी से अनगिनत मौत हो गई। जहां अपने जन को अंतिम संस्कार के लिये अपनों के हीं कंधे दुर्लभ रहे। ओजोन की समस्या तापमान बढ़ने का कारण बनती जा रही है जहां आने वाले समय में बढ़ती गर्मी से आने वाली महामारी को किसी भी कीमत पर रोका नहीं जा सकता। रूस यूक्रेन युद्ध सामने है, जहां युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा। यह युद्ध कब विश्व युद्ध का रूप धारण कर ले कुछ कहा नहीं जा सकता। आज लम्बें समय से जारी युद्ध में उपयोग में आने वाले आधुनिक आयुध से धरा का वातावरण प्रदूषित होता जा रहा और इस गंभीर स्थिति के प्रति हर दिशा में लापरवाही बरती जा रही है। इस लापरवाही का भुगतान सभी को गंभीर परिणाम के रूप में चुकाना होगा। युद्ध से प्रदूषित वायुमंडल से आक्सीजन की



कमी, तेज गर्मी, अतिवृष्टि के बीच उभरी कोरोन से भी खतरनाक बीमारी महाप्रलय का रूप धारण कर सकती है। इस तरह की विकट स्थिति से विश्व का को भी संसाघन बचा नहीं पायेगा।

हम पहले से ही जंगल , पेड़ पौधे उजाड़कर नये नये नगर बसा लिये है जहां आक्सीजन की कमी पहले से ही कम हो गई है। नदियों के किनारे बसे महानगर से जल पहले ही प्रदूषित हो गया है। पशुधन की कमी एवं उसके प्रति लापरवाही पशु से मिलने वाले शुद्ध आहार में पहले से ही कमी कर रखी है, उपर से धरा के साथ बरती जा रही लापरवाही एवं मनमानी संपूर्ण मानवता के लिये घोर संकट का कारण बनती जा रही है।

जीवन में पर्यावरण का विशेष महत्व है। यह शरीर भी जिन पांच तत्व हवा, पानी, मिट्टी, अग्नि और आकाश से बना हुआ है , ये पांच तत्व भी पर्यावरण के प्रमुख भाग है। जब से पर्यावरण के इन पांच तत्वों में प्रदूषण के चलते गिरावट आने लगी, शरीर की बनावट प्रक्रिया से लेकर जीवन्त प्रक्रिया तक का समय घोर संकट के बीच समा गया। अनेक मानव विकृतियां पैदा होने लगी। मनुष्य अनेक महामारी एवं प्राकृतिक प्रकोप के बीच घिर गया। जीवन धारा बदल गई। अर्थ दवा में समा गया। अल्प आयु का पलड़ा भारी हो गया। कौन कब काल का ग्रास बन जाय कह पाना अब मुश्किल है। इसका साक्षात दृश्य वर्तमान में कोरोना के रूप में उभर कर सामने आया है जहां प्रदूषित पर्यावरण के चलते कमजोर इम्यूनिटी वाला व्यक्ति विश्व स्तर पर सर्वाधिक रूप से शिकार हुआ है। हवा में आक्सीजन की कमी के चलते कितनी जान असमय ही चली गई। प्रदूषित पर्यावरण के चलते हर आदमी शक्ति क्षीण तो हुआ ही बाढ़, भूकम्प, अकाल, वर्फ एवं चट्टान विघटन जैसे प्राकृतिक प्रकोप के साथ - साथ भयंकर संक्रामक महामारी का शिकार हुआ एवं असमय काल के गाल में चला गया।

समय रहते यदि हम नहीं चेते एवं वातावरण को प्रदूषित करने वाले युद्ध, प्रदूषण को बढ़ावा देते रहे , वह समय दूर नहीं जहां फिर से गंभीर संकट का शिकार न हो जाय। हमारी गलतियों ने हमारे मुंह को इस तरह जॉब दिये , शुद्ध सांस लेना मुश्किल हो रहा है। आज कई देश भूखमरी, पलायन का शिकार हो रहे है। इस तरह की उभरी परिस्थितियों से सभी को सबक लेना चाहिए। धरा को बचाने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए, मानवता के हित में धरा को बचाना आज बहुत जरूरी है।

## आखिर क्यों धधक रही है धरती?

**योगेश कुमार गोयल-**
**विश्व पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) पर विशेष**

इस साल मार्च महीने से ही भीषण गर्मी का जो कहर देखा जा रहा है, उसकी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। न केवल मार्च माह में बल्कि अप्रैल मध्य तक तापमान प्रायः सामान्य ही रहता था लेकिन इस बार तापमान जिस तरह के रिकॉर्ड तोड़ रहा है, ऐसे में पूरी संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में पृथ्वी और ज्यादा तीव्रता के साथ तपेगी और भारत में लोगों को लू का भयानक कहर झेलना पड़ सकता है। वैसे न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाने तथा पृथ्वी को संरक्षण प्रदान करने और दुनिया के समस्त देशों से इस कार्य में सहयोग व समर्थन हासिल करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है। 'पृथ्वी दिवस' पहली बार बड़े स्तर पर 22 अप्रैल 1970 को मनाया गया था और तभी से केवल इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। उस आयोजन में समाज के हर वर्ग और क्षेत्र के करीब दो करोड़ अमेरिकियों ने हिस्सा लिया था। उस समय अमेरिकी सीनेटर गेलार्ड नेल्सन द्वारा पृथ्वी को संरक्षण प्रदान करने के लिए इस महत्वपूर्ण दिवस की स्थापना पर्यावरण शिक्षा के रूप में की गई थी, जिसे अब इसी दिन दुनिया के कई देशों में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

दरअसल धरती की सेहत बिगाड़ने और इसके सौन्दर्य को ग्रहण लगाने में समस्त मानव जाति जिम्मेदार है। आधुनिक युग में मानव जाति की सुख-सुविधा के लिए सुविधाओं के हुए विस्तार ने ही पर्यावरण को सर्वाधिक क्षति पहुंचाई है और निरन्तर हो रहा जलवायु परिवर्तन इसी की देन है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं और वर्ष 2015 में पेरिस सम्मेलन में 197 देशों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए अपने-अपने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने और 2030 तक वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री तक सीमित करने का संकल्प लिया था किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक कोई ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। हालांकि प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बारम्बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में भी गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर प्रकृति से भयानक तरीके से खिलवाड़ के बहुत खतरनाक नतीजे होंगे।

# पोरसा में शादी समारोह के दौरान चलाई रिवाल्वर, दुल्हन के चाचा की मौत



**मुरैना।** जिले में इन दिनों शादी समारोह बहुत अधिक संख्या में हो रहे है तथा शादी समारोह में लाइसेंसी शास्त्र ले जाने व चलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है तथा आए दिन गोली चलने तथा लोगों के घायल होने व मरने के समाचार संज्ञान में आ रहे हैं, अभी पुलिस चिन्नौनी थाना क्षेत्र के खिडोरा गॉव मैं लगुन फलदान कार्यक्रम में किए गए हर्ष फायर घटना की जांच पड़ताल में लगी हुई थी कि तब तक पोरसा थाना क्षेत्र के मटियापुरा में बीती रात एक शादी समारोह में लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चलाए जाने के चलते दुल्हन के चाचा की मौत हो गई। गुरुवार को देर शाम तक इस मामले में एफ आई आर दर्ज नहीं की गई तथा पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोरसा थाना क्षेत्र के ग्राम मठियापुरा में मृतक धीर सिंह तोमर 38 वर्ष की भतीजी की शादी बुधवार 20 अप्रैल को गांव में ही घर पर आयोजित थी, इस दौरान तमाम नाते रिश्तेदार वहां एकत्रित हुए रात्रि 11 से 12 के बीच उनका एक रिश्तेदार लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर करने लगा और गोली धीर सिंह तोमर को लगी तथा हंसी-खुशी का माहौल दहशत व मातम में बदल गया। धीर सिंह के घायल होने से परिजन शादी छोड़कर उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे ग्वालियर रैफर कर दिया गया और वहां अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोरसा थाना प्रभारी रामपाल सिंह जादौन ने बताया कि गुरुवार की शाम को धीर सिंह का शव गांव में आया और अंतिम संस्कार किया गया है, लेकिन रिपोर्ट कराने कोई नहीं आया है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। प्रशासन एवं पुलिस की तमाम हिदायतओं के बाद भी हर्ष फायरिंग का सिलसिला नहीं थम रहा है और घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिला मुख्यालय हो अथवा तहसील बड़ी संख्या में शादी समारोह आयोजित हो रहे हैं, वहां ग्लैमर के चलते लोग जानबूझकर लाइसेंसी हथियार ले जा रहे हैं और मदमस्त होकर हर्ष फायर कर अपने ही लोगों के लिए काल बन रहे हैं। प्रशासन एवं पुलिस को चाहिए कि वह शादी समारोह में शस्त्र लाइसेंस को पूरी तरह प्रतिबंध करें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

### कप्तान साहब अब नहीं दिखा रहे बहादुरी

वर्तमान पुलिस कप्तान ने जब जिले की कप्तानी संभाली तो उनकी सक्रियता को लेकर चहुंओर प्रशंसा होने लगी थी और लोग यह महसूस कर रहे थे कि अब शहर में पुलिस देख रही है और अपराधियों पर कुछ हद तक अंकुश लगा है। लेकिन शुरुआती ट्रेलर के बाद कप्तान साहब की खामोशी अब लोगों को खल रही है। उन्होंने आते ही जिस तरीके से ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की और चेकिंग के दौरान एक फोर व्हीलर वाहन में बैठे बंदूकधारियों से जवाब तलब किया तथा एक व्यक्ति को दूसरे का लाइसेंस रखने पर गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया, तब लगा के ऐसे ग्लैमरबाज पर शिकंजा कसेगा, लेकिन पिछले कुछ दिन से चल रहे शादी समारोह में जिस प्रकार से बंदूकों एवं रिवाल्वर की नुमाइश हो रही है, उससे लगता है कि अब पुलिस कप्तान को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है।



### नेकी की दीवार टीम ने बच्चियों की शादी के लिए की मदद

**मुरैना।** महावीर स्वामी जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर नेकी की दीवार द्वारा 5 गरीब बच्चियों की शादी में मदद हेतु संकल्प लिया गया था इस हेतु लगभग एक लाख रूपए हर्ष परमार, पंकज गुप्ता, प्रकाश अग्रवाल सीए, तेजेंद्र खेड़ा, सोनू जैन द्वारा दान दिया गया था। जिसके क्रम में गुरूवार को कमलेश जाटव धर्मपत्नी स्वर्गीय भगवान दास जाटव को उनकी पुत्री के विवाह हेतु बेटी के लिए 5 साड़ियां और 11 हजार रूपए नगद मुरैना एडिशनल एसपी डॉ रायसिंह नरवरिया और टीम नेकी की दीवार के सदस्यों द्वारा भेंट किए गए।

## कर्ज से परेशान किसान ने की आत्महत्या, पुलिस ने किया मर्ग कायम

**अम्बाह।** बीती रात कर्ज के चलते परेशान एक किसान ने अपने कुॅए पर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद परिजनों ने जब किसान को फांसी पर लटका देखा, तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लिया है और अब सरकारी अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि माफल पुरा गांव निवासी किसान रामेश्वर सखबार पुत्र गंभीर सखबार 45 वर्ष ने खेती किसानी के लिए इलाके के कुछ लोगों से कर्जा ले रखा था। कर्जा बढ़ जाने के कारण वह कुछ समय से तनाव में रहने लगे थे, जिसके बाद उन्होंने बीती रात खेत पर बने कुआँ पर टीन शेड के बीच लगी लकडी पर फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुँचे और परिजनों ने जब रामेश्वर को फांसी पर लटका देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और अस्पताल लेकर आए जहां मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के भाई ने बताया कि उनका भाई रामेश्वर कर्ज के चलते परेशान था जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या की है।

## ट्राइबल का बाबू 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा, लोकायुक्त टीम ने की कार्यवाही

### तीन दशक से भी अधिक समय से एक ही जगह पर पदस्थ है बाबू

**मुरैना।** आदिम जाति कल्याण विभाग का सहायक ग्रेड 3 के बाबू को लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार को ऑफिस में एक ग्रामीण से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। गौरतलब है कि वर्मा के नाम से प्रसिद्ध यह बाबू पिछले 30 वर्षों से भी अधिक समय से मुरैना आदिम जाति कल्याण विभाग में एक ही जगह पर पदस्थ है और अधिकारियों के साथ बाबू के संबंध चांदी की खनक के चलते हमेशा मधुर रहे हैं तथा उनकी आड़ में इस बाबू द्वारा तमाम भ्रष्टाचार विभाग के अंदर किया गया तथा अब रिश्वत लेते पकड़ा गया है। विभाग में यह अकेला बाबू नहीं है, कई अन्य कर्मचारी हैं, जिन्हें नौकरी करते-करते पूरा समय यहीं बीत गया और उन्होंने दूसरा जिला तक नहीं देखा। जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी कलेक्ट्रेट के पीछे संचालित आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ बाबू जगदीश चंद्र वर्मा सहायक ग्रेड-3 बस्ती विकास पंप का कार्य देखते हैं। जगदीश चंद्र वर्मा ने सुरेश जाटव पुत्र गणपत जाटव निवासी सबलगढ़ के पास केम्पपुरा से खेत में बिजली का कनेक्शन और ट्रांसफर रखवाने के एवज में 15 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसके बाद सुरेश चंद जाटव ने लोकायुक्त टीम को 18 अप्रैल को शिकायत की, जिसके बाद लोकायुक्त की टीम ने सिपाही को सुरेश चन्द्र जाटव के साथ अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ऑफिस में टेपिंग करने के लिए भेजा। बाबू की टेपिंग के बाद ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार को आदिम जाति कल्याण विभाग के ऑफिस में बाबू जगदीश चंद्र वर्मा को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि सुरेश चंद जाटव से जगदीश चंद्र वर्मा ने 15 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी, जिसमें 10 हजार रुपए गुरुवार को देने का वादा किया था। लोकायुक्त अधिकारियों के द्वारा बताई गई ट्रिक के अनुसार गुरुवार को सुरेश चंद जाटव उसे केमिकल से रंगे रिश्वत के रुपए देने जैसे ही पहुंचा तो पीछे से लोकायुक्त की टीम ने उसे मौके पर दबोच लिया और कैमिकल लगे नोट जप्त कर उसके हाथ धुलवाए तो मामला उजागर हो गया। लोकायुक्त टीम द्वारा पकड़े गए बाबू के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।




## कलेक्टर ने जौरा एसडीएम कार्यालय सहित निर्माणाधीन भवनों का किया अवलोकन



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन बुधवार की सायं जौरा मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय संबंधी रिकॉर्ड का अवलोकन किया एवं जहां कमियां पायी गई, उन्हें दुरूस्त करने के निर्देश दिये। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने संयुक्त कार्यालय भवन का निरीक्षण किया, जो लंबे समय से निर्माणाधीन था, उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश निर्माण एजेन्सी को दिये। भ्रमण के समय जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, जौरा एसडीएम विनोद सिंह, जनपद सीईओ गिर्राज शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ग्राम नरेला तालाव के स्थल का किया निरीक्षण

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन जौरा विकासखण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नरेला पहुंचे, जहां उन्होंने अमृत सरोवर के तहत नवीन तालावों के लिये भूमि का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश एपीओ नरेगा तिलक सिंह दिये। कलेक्टर ने कहा कि तालाव निर्माण करते समय पानी के कैचमेन्ट एरिया का विशेष ध्यान दिया जाये। समय आने पर तालाव में पानी रूकना चाहिये। ऐसे टैक्निकल बिंदुओं पर निर्माण एजेन्सी विशेष ध्यान दें।




## बीमार एवं विकलांग गोवंश की सेवा में जुटे हैं श्री छत्रपाली हनुमान मंदिर गौशाला के सदस्य

### बिना किसी सरकारी सहायता के वर्ष 2008 से कर रहे हैं सेवा, सैकड़ों गाय हो चुकी अब तक स्वस्थ



**अम्बाह।** गौरक्षा को लेकर आम जनमानस से लेकर राजनेता चर्चा तो खूब करते हैं लेकिन वास्तविक रूप से गोमाता के कष्ट में होने पर अधिकांश लोग उसके पास भी नहीं फटकते है और बिरले ही लोग गाय की दवा व सेवा आदि कर उनके सच्चे सपूत बनने का साहस कर पाते हैं। शहर में कुछ ऐसे ही लोग हैं जो बीमार और घायल गाय माता की खिदमत में सहर्ष जुट जाते हैं। शहर के परेड चौराहे पर श्री छत्रपाली हनुमान जी विकलांग गौ सेवा समिति द्वारा वर्ष 2008 से निरंतर निराश्रित असहाय एवं बेसहारा विकलांग बीमार गायों की सेवा की जा रही हौ वर्तमान में भी इस गौशाला में अनेक गाय एवं सांड भी उपचाराधीन है। इस गौशाला को शासन द्वारा कोई अनुदान नहीं दिया जाता है, उसके बावजूद भी इस गौशाला से जुड़े लोग निःशुल्क सेवाएं देकर गोवंश की रक्षा कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका एवं सामान्य जनों द्वारा यहां पर सड़क दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त विकलांग व बीमार गौवंश को लाया जाता है, जिनकी देखरेख के लिए प्रतिदिन दो डॉक्टर आकर इलाज करते हैं। इस गौशाला समिति द्वारा कोरोना काल में भी आवारा पशुओं को लगातार चारा खिलाने का कार्य किया गया था। उक्त चार माह में समय मे लगभग 150 बेसहारा गायों को प्रतिदिन चारा खिलाया गया। यह गाय वह थी जो असहाय थी। कार्यकर्ताओं के सेवा कार्य को देखकर स्थानीय जनता भी अपनी श्रद्धा अनुसार यहां कार्यकर्ताओं की मदद करती हैं। वर्तमान में यहाँ गौवंशों के लिए दो बड़े-बड़े ऊंचे सैड एवं 27 पंखे लगावाए गए हैं।

## रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




**मुरैना।** जिला चिकित्सालय मुरैना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा के निर्देशानुसार गत दिवस स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई, लोगों को हाथ धोने की जानकारी, एसएनसीयू वार्ड, ऑपरेशन ओटी, डिलेवरी वार्ड में महिलाओं को व्यक्तिगत सफाई, किशारी बालिकाओं को मासिक धर्म के समय होने वाले स्वच्छ रहने की जानकारी दी। वहीं सेनेटरी नेपकीन का वितरण किया गया। इस अवसर पर डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर, मीना डेकाटे मैट्रन, रागिनी चौहान, लक्ष्मी गुप्ता, मीना देवी, गीताजंली एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ का सहयोग रहा।


### विधिक साक्षरता शिविर सह जेल निरीक्षण

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में गुरूवार को जिला जेल मुरैना में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश श्री कैलाश शुक्ल ने नशामुक्ति सप्ताह के तहत नालसा की नशामुक्ति योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जेल में उपस्थित बंदियों को विधिक सहायता योजना के बारें में जानकारी दी। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बैरिक, रसोईघर, फार्मेसी रूम, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम व बंदियों के दैनिक उपयोग की सुविधाओं एवं उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस अवसर जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेश शर्मा, उप अधीक्षक जिला जेल हरिओम शर्मा मौजूद थे।



# स्वच्छता का सिटीजन फीडबैक देने चलाया जागरूकता अभियान, बडी संख्या में शहर के नागरिकों ने दिया फीडबैक








**ग्वालियर** दिनांक 21 अप्रैल 2022- स्वच्छता के प्रति बच्चों एवं बडों को जागरुक करने एवं स्वच्छता को जन-जन का मिशन बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा आईईसी टीम के माध्यम से विभिन्न स्कूल, कॉलेज, मॉल, बाजारों, कॉलोनियों में घर घर जाकर आमजनों को स्वच्छता में सहभागिता के लिए प्रेरित कर सिटीजन फीडबैक देने के लिए आग्रह किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छता में अव्वल लाने के लिये स्वच्छता अभियान के साथ-साथ सिटीजन फीडबैक के लिये भी शहर के नागरिकों से आग्रह किया जा रहा है। जिसके तहत आज सर्वे की टीम ने डोर टू डोर जाकर सिटीजन फीडबैक लिया। वार्ड क्रमांक 37,34,50,44,49,46,38,40,35 एवं कुछ विशेष स्थानों पर भी जाकर सिटीजन फीडबैक लिया तथा कुछ स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सिटीजन फीडबैक के बारे में समझाया और सभी से सिटीजन फीडबैक देने कि अपील की एवं सूखा कचरा ,गीला कचरा ,जैविक अपशिष्ट कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा, आदि को अलग अलग करके सीधे कचड़े गाड़ी में ही डालने की अपील की। इसके साथ ही महाराज बाड़े पर सुभाष मार्केट, गांधी मार्केट,नजरबाग मार्केट, टोपी बाजार,दही मंडी, मोर बाजार, दाना ओली, सराफा बाजार ,के. आर. जी. कॉलेज ,माधोगंज , छप्पर वाला पुल,लेडीज पार्क, नेहरू पार्क, फ्रूट मंडी,राम मंदिर, दौलतगंज, चिड़िया घर आदि स्थानो हमारी सर्वे टीम ने आज सिटीजन फीडबैक लिया।

## कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा बालिका स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं सेनेटरी पैड वितरण



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-ग्वालियर महानगर की महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय संस्था कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा दिनांक 20-04-22 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,थाटीपुर में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में छात्राओ को स्वास्थ्य संबंधी सुझाव आपसी संवाद के माध्यम से दिये गये।कार्यक्रम में संस्था की ओर से 250 सेनेटरी पेड का वितरण छात्रा? को किया गया।कार्यक्रम में संस्था की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती हेमलता राव,प्रिया, वंदना,कंचन राव,हेरी गुप्ता सहित उपस्थित रहीं।

## 10 साल से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा फरार स्थाई वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन



में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अजयगढ़ हरि सिंह ठाकुर द्वारा समस्त विवेचको को वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार स्थाई वारंट एवं फरारी वारंट तमिली हेतु थाना स्तर पर विभिन्न टीमें बनाई गई अजय गढ़ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 21/ 4/ 2022 को 10 साल से फरार स्थाई वारंटीआ को ग्राम किशनपुर के पास से गिरफ्तार किया जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ?5000 का इनाम भी घोषित है । उक्त वारंटी या माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 113/ 2012 में 10 साल से फरार थी उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मैं थाना प्रभारी हरि सिंह ठाकुर उपनिरीक्षक स्मिता सिंह बघेल, अनिल सिंह राजपूत प्रधान आरक्षक विनोद, मनीष विश्वकर्मा आरक्षक खेमचंद ,राय बृजेश महिला आरक्षक आरती तिवारी ,आशा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राज भोज रेस्टोरेंट द्वारा सडक पर गंदगी करने पर वसूला जुर्माना




**ग्वालियर।** स्वच्छता भारत अभियान के तहत स्वच्छता में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये शहर में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। फिर भी कोई सडक पर कचरा या विवाह आदि सार्वजनिक आयोजन के उपरांत कचरा सडक पर डाल दिया जाता है। उसके खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत राज भोज रेस्टोरेंट द्वारा गंदगी करने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव के निर्देशन में नगर निगम हेड ऑफिस के सामने शादी समारोह के आयोजन के बाद सफाई ना करवाने पर एवं रोड में गंदगी पाए जाने पर राज भोज रेस्टोरेंट से 1 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान ने मुरार बारादरी चौराहा, सदर बाजार में गंदगी फैलाने वालों पर से 3 हजार रूपये का जुर्माना वसूला। इसके साथ ही शहर के अन्य स्थानों पर भी गंदगी पाये जाने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई।

## अंबाह मैं ढहाया नालों का अतिक्रमण शरहानीय कार्य तहसीलदार श्री राजकुमार नागोरिया, अंबाह सीएमओ श्री रामनिवास शर्मा

**गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह मैं जय हिंद महाविद्यालय से लेकर खेरे बाबा तक सामूहिक रूप से अतिक्रमण हटाया गया जिसमें मुख्य रूप से अंबाह सीएमओ श्री रामनिवास शर्मा




व तहसीलदार श्री राजकुमार नागोरिया उपस्थित रहे अतिक्रमण को लेकर चोबे गाली मैं पानी भरा रहता था एवं जल निकासी बंद पड़ी थी लोगों द्वारा बताने पर अंबाह सीएमओ श्री रामनिवास शर्मा जी ने समस्या को। संज्ञान मैं लिया व तहसीलदार श्री राजकुमार नागोरिया जी को अवगत कराया अंबाह मैं जगह जगह लोगो ने नाले के ऊपर स्थाई अतिक्रमण कर रखा है जिससे ज्यादातर नाले चोक हो गए है इस प्रकार की मुहिम द्वारा नाले पर बने स्थाई निर्माण के अतिक्रमण को हटाना शुरू हो गया है नगर मैं जेसीबी से सफाई हो रही है और जहां जेसीबी नही पहुंच रही वहां सफाई कर्मी सफाई कर रहे है।

## दबोह पुलिस को मिली बड़ी सफलता,तीन लाख से अधिक की चोरी का माल बरामद कर आरोपियो को किया दाखिले हवालात

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह–** क्षेत्र में हुई कुछ चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु एवम माल मशुरूका बरामदगी हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया था।इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी लहार श्री अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दबोह प्रमोद साहू एवं उनकी टीम द्वारा दिनांक 12.04.2022 को फरियादिया ऊर्मिला केवट पत्नी देशराज केवट निवासी ग्राम जाखौली के यहाँ रात में घर में घुसकर चोरी में माल मशरूका बरामदगी एवं आरोपियों की



गिरफ्तारी के लगातार प्रयास किये जा रहे थे।पुलिस की सक्रियता सर्चिंग अभियान एवं लगातार दबिश के कारण आरोपीगण इलाके से बाहर भागने में असमर्थ रहे।पुलिस की सक्रियता एवं दबिश के कारण तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।आरोपियों के कब्जे से चोरी किया हुआ दो सोने की ओम, चार चूडी सोने की एक जोड़ी झुमके सोने के एक अंगूठी सोने की तीन हाफ पेटी चाँदी की,एक मंगल सूत्र व 6 मोती सोने के,चाँदी का बिछुआ,चाँदी के चूडा 06,चाँदी की पायल 01 जोडी,चाँदी के सिक्के 06, चाँदी की बचकानी तोडिया 04 जोड़ी एवं तोडिया 03 जोडी,चाँदी का ब्रासलेट व चैन,चाँदी के विछुआ 25 नग एवं नगदी बरामद की।जिसकी कुल कीमत करीब तीन लाख दस हजार रूपये (310000 रु.)करीब है। आरोपियों से माल मशरूका बरामद कर तीनों आरोपियों को जेल पहुंचाया गया।

**सम्पूर्ण कार्यवाही में इनकी रही सराहनीय भूमिका:** उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी दबोह निरी.प्रमोद साहू,कार्यप्रआर. 349 नरेश सिंह,आर.1339 रविन्द्र पाल,आर.1150 संजय परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ग्वालियर में 'मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय' की स्थापना की जाए : MPCCI

### केन्द्रीय रेलमंत्री-माननीय श्री अशविनी वैष्णव, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री-माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं सांसद-माननीय श्री विवेकनारायण शेजवलकर को MPCCI ने लिखे पत्र

**ग्वालियर।** ग्वालियर अंचल के दतिया, डबरा, भिण्ड, मुरैना, श?योपुरकलां, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर आदि रेलवे स्टेशनों को शामिल करते हुए, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज जोन के अधीन ग्वालियर में नवीन मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय (Gwalior Division) की स्थापना किए जाने की माँग MPCCI द्वारा केन्द्रीय रेलमंत्री-माननीय श्री अशविनी वैष्णव, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री-माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं सांसद-माननीय श्री विवेकनारायण शेजवलकर को पत्र लिखकर की गई है ।MPCCI अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज का गठन दिनांक 1 अप्रैल,2003 को किया गया था और इसके अन्तर्गत 03 डिवीजन आते हैं, जिसमें प्रयागराज, आगरा एवं झाँसी शामिल हैं ।इससे पूर्व जब देश में केवल 09 रेलवे जोन हुआ करते थे, उस समय भी झाँसी मण्डल कार्यालय, मध्य रेलवे, मुम्बई के अन्तर्गत आता था । रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रेलवे में विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जब रेलवे जोन की संख्या बढ़ाकर 16 की गई, जो कि अब वर्ष-2022 में 17 हो गई है, तब नवीन जोन के साथ-साथ मण्डल प्रबंधक कार्यालयों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी की गई और प्रत्येक नवीन जोन में कम-से-कम चार अथवा पाँच मण्डल कार्यालय बनाए गए, परन्तु उत्तर मध्य रेलवे में केवल तीन ही डिवीजन ऑफिस बनाए गए हैं और इसमें ग्वालियर की उपेक्षा की गई हैं, जबकि ग्वालियर को डिवीजन कार्यालय बनाया जाना सर्वधा उचित था ।पदाधिकारियों ने कहा है कि झाँसी मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय पर वर्तमान में कार्य का दबाव काफी अधिक है ।इसलिए झाँसी डिवीजन का विभाजन किया जाना उचित एवं आवश्यक है ।ग्वालियर में डिवीजन कार्यालय की स्थापना होने से इस अंचल के डिवीजन स्तर के कार्य द्रुत गति से यहीं पर पूर्ण हो सकेंगे ।MPCCI पदाधिकारियों ने माननीय केन्द्रीय मंत्रीगणों सहित स्थानीय सांसद महोदय से पत्रों के माध्यम से विनम्र अपील की है कि NCR के अन्तर्गत 'ग्वालियर' में मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय (DRM Office) बनाए जाने हेतु आवश्यक पहल करें, ताकि आप सभी के परम सहयोग से ग्वालियर को यह कार्यालय प्राप्त हो सके ।इससे अवश्य ही ग्वालियर अंचल में रेलवे के विकास कार्यों को गति मिलेगी और साथ ही इससे ग्वालियर का व्यापार भी काफी लाभान्वित होगा ।

# थाना पिछोर को मिली बहुत बड़ी सफलता एक ट्रक को ढूंढ निकाला

**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** पिछोर थाना को मिली बहुत बड़ी सफलता एक ट्रक रेलवे के गाटर से करीब 20 लाख रुपए की लोड करके जलपाईगुड़ी वेस्ट बंगाल से चला था जिसे सूरत गुजरात जाना था लेकिन अचानक रास्ते में ट्रक गायब हो गया जिस ट्रक को 3 दिन में गुजरात पहुंचना था नहीं पहुंचा तो ट्रक मालिक चिंतित हो गया किसी शुभचिंतक ने उसे एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान का नाम बताया और उनका मोबाइल नंबर दिया गया पूरी बात उसने बताई एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ने तत्काल सब इंस्पेक्टर नितिन भार्गव को पूरी बात बताएं व एएसआई गुलशन सोनकर फिजिकल थाना शिवपुरी को सूचना दी व तेज तर्रार थाना प्रभारी सुरवाया रामेंद्र सिंह चौहान को सूचना दी सुरवाया थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह चौहान ने तत्काल क्षेत्र में अपने मुखबिर सक्रिय किए व चंद घंटों में ट्रक मय 20 लाख रुपए के माल की ट्रेस किया तो ड्राइवर ने बताया कि रास्ते में खर्च किए रुपए नहीं बचे इसलिए समय पर माल नहीं पहुंचा सका मालिक ने माल की मालिक ने जलपाईगुड़ी से




उसे रुपए भेजें और पुलिस ने उसको हिदायत दी कि समय सीमा पर माल सूरत गुजरात लेकर जाए यह दिया केवल मोबाइल फोन से ही उसकी समस्या का समाधान हुआ जो मालिक 20 लाख रुपए की माल के लिए चिंतित था उसकी चिंता शिवपुरी पुलिस के का कर्मठ व जांबाज पुलिस अधिकारियों ने साल्व कर दी इसके लिए माल के मालिक ने शिवपुरी पुलिस का धन्यवाद व शुक्रिया अदा किया मध्य प्रदेश



ऐसा मामला है जिसमें ना तो फरियादी मैं एफ आई आर की नाही शिकायती आवेदन पत्र पुलिस के लिए देशभक्ति व जनसेवा का जो संकल्प दिया गया है आज उसी पर खरी उतरी है मध्य प्रदेश पुलिस शिवपुरी का यह ऐसा मामला है की अमूमन पुलिस कह देती है की यह हमारे क्षेत्र का मामला ही नहीं है वह किसी और क्षेत्र का मामला है लेकिन यह मामला वेस्ट बंगाल मध्य प्रदेश व गुजरात प्रांत से जुड़ा हुआ था इसी प्रकार कर्तव्य की वेदी पर आगे भी मध्य प्रदेश पुलिस सफल होगी ऐसी आशा एवं प्रत्याशा है।

## कोई कहे गोविंद कोई कहे गोपाला में तो कहूँ सांबरिया बाँसुरिया बाला: ऋषभ देव जी महाराज...

### श्रीमद्भागवत की निकली भव्य कलश यात्रा

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह...** अम्बाह क्षेत्र के भदौरियापुरा के युवा भाजपा नेता व बरिष्ठ समाज सेवी श्री रामनरेश पटसारिया जी के यहां आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आज शुभारंभ हो गया है ,भागवत ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन कलश यात्रा जल भरकर ग्राम भदौरियापुरा हनूमान मन्दिर से ताल बाली माता मन्दिर स्कूल में पहुँची शोभा यात्रा बड़े ही धूम धाम से निकाली गई एवम श्रीमद भागवत महापुराण की पूजा



अर्चना की गई इसके उपरांत भागवत आचार्य पूज्य गुरु जी *ऋषब देव जी महाराज* ने भागवत को वेद और उपनिषद का सार बताया उन्होने बताया गँगा स्नान,तीर्थ बास ,गौ सेवा ,तुलसी पूजा से जो फल मिलता है वह भागवत श्रवण मात्र से प्राप्त होता है ,आगे श्री महाराज जी ने कहा की ज्ञान वैराग्य तथा भक्ति जाग्रत होती है ,तथा धुँधकारी जैसा पतित प्राणी भी पुनीत हो जाता है ,दिव्य भागवत कथा व्याख्यान पूज्य महाराज जी ने हनूमान मन्दिर में ब्यास पीठ से कहे जिसमे कथा परीक्षत * राजेन्द्र प्रसाद पटसारिया ने समस्त भक्तगणों से अपील की है कि भागवत ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर कथा अमृत पान कर अपने जीवन को सफल बनायें कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अमित शाह के दौरे से पहले कांग्रेस में हलचल

## कमल नाथ के बंगले पर दिग्गजों का डिनर

**भोपाल।** 22 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भोपाल दौरे के लिए बीजेपी में बैठकों का दौर जारी है. वहीं दूसरी तरफ विरोधी खेमे में भी हलचल है. अमित शाह के दौरे से ठीक पहले नेता प्रतिपक्ष और पीसीसी चीफ कमलनाथ के बंगले पर एक बड़ी बैठक हुई. इसमें पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया भी मौजूद थे। बैठक के बाद सभी नेताओं ने एक साथ डिनर किया. यह माना जा रहा है कि कांग्रेस की यह बैठक पार्टी को एकजुट रखने और मिशन 2023 की रणनीति को धार देने के लिए बुलाई गई थी. बीजेपी की रणनीति का काउंटर करने के लिए भी कांग्रेस की बैठक को अहम माना जा रहा है।



### बीजेपी में भी बैठकों के दौर


बीजेपी में अमित शाह के दौरे से पहले बैठको के दौर जारी हैं. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को खुद जंबूरी मैदान में अमित शाह के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे. उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा के साथ बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में अहम बैठक हुई. इस बैठक में अमित शाह की बैठक को लेकर रणनीति बनाई गई. अमित शाह 22 अप्रैल को करीब 2 घंटे तक बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में रहेंगे।

### मिशन 2023 की तैयारी

मध्य प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं. इस लिहाज से बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए अपनी रणनीतियों को धार देना जरूरी है. एक तरफ जहां बीजेपी के दिग्गज नेता लगातार मध्य प्रदेश के दौरे कर रहे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस में पार्टी को एकजुट करने की कवायद चल रही है. कमल नाथ के डिनर में जिन नेताओं को बुलाया गया था उसमे अरुण यादव और अजय सिंह जैसे वह नेता भी शामिल थे जो असंतुष्ट हैं और समय-समय पर अपनी नाराजगी सार्वजनिक तौर पर जाहिर करते रहे हैं।

# गेहूं के साथ मप्र का शुगर फ्री आलू भी विदेशों में लोकप्रिय

### देश में सबसे अधिक इंदौर जिले में आलू का उत्पादन, 7 किस्म का आलू करते हैं पैदा



**भोपाल।** पिछले दो साल में 98 हजार मैट्रिक टन गेहूं विदेशों को निर्यात करने वाले मप्र का आलू भी खासा लोकप्रिय है। मप्र के गेहूं को मिस्त्र की जनता भी खाएगी, वहीं शुगर फ्री आलू की भी मांग लगातार देश-विदेश में बढ़ रही है। देश का प्रमुख आलू उत्पादक जिला होने से इंदौर में एक जिला - एक उत्पात योजना में आलू का चयन किया गया है। हर साल 45 हजार हेक्टेयर में लगभग 20 लाख मैट्रिक टन आलू का उत्पादन किया जा रहा है। चिप्स, पापड़, टिक्की, फ्रेंच फ्राइज से लेकर अन्य खाद्य सामग्री में इंदौरी आलू का चलन बढ़ गया है।

आय-वर्धक होने के कारण किसान बड़ी संख्या में आलू उत्पादन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। शुगर-फ्री आलू की चिप्स तलने के बाद लाल नहीं होती, सफेद बनी रहती है। आलू उत्पादन के लिये जिले में किसानों को 25 से 35 लाख रूपये तक का ऋण मुहैया कराया जा रहा है, जिसमें अधिकतम 10 लाख रूपये की सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड अनुदान पर आलू फसल आधारित नवीन सूक्ष्म उद्योग लगाने की ओर युवा वर्ग प्रेरित हो रहा है। इंदौरी आलू की विशेषताओं के चलते अनेक छोटी कंपनियों के साथ प्रतिष्ठित कंपनियों ने भी इंदौर में कारखाने स्थापित किये हैं। आमतौर पर एक हेक्टेयर में 220 में 240 क्विंटल तक आलू का उत्पादन होता है, लेकिन देपालपुर तहसील के ग्राम चितोड़ा के किसान भरत पटेल ने उन्नत तकनीक अपनाई।

## बुलडोजर पर कप्तान सिंह सोलंकी की नसीहत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इस समय मामा का बुलडोजर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। अपराधियों के अवैध तरीके से बने घर और दुकानों पर बुलडोजर चल रहा है। इस कार्रवाई पर सवाल भी उठ रहे हैं। अब बुलडोजर से मकान तोडने को लेकर सरकार और बीजेपी पार्टी को नसीहत मिली है। मध्यप्रदेश बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी ने ट्वीट कर सरकार पर ही तंज कसा है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी ने ट्वीट कर लिखा है कि संगठन में व्यक्तियों की महत्वाकांक्षा एवं तुष्टिकरण जब सुशासन में रुकावट पैदा करने लगता है, संगठन का पतन प्रारंभ हो जाता है। अवैध अचल संपत्ति तो तोड़ी जाएगी, अगर आप यह सिद्ध कर दें कि वह वैध है, तब तो रुक जायेगी। अन्यथा न्यायालय से भी राहत मिलना मुश्किल है। यूपी चुनाव में सीएम योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर बाबा' का नाम काफी चर्चाओं में रहा था। अब इसी की तर्ज पर मध्य प्रदेश में एक नया नाम बुलडोजर मामा' दर्ज किया गया है। यह नाम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम पर रखा गया है। बच्चियों से दुष्कर्म, हिंसा, बदमाश समेत बड़े अपराध करने वाले आरोपियों के ठिकानों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। मप्र के आधे से अधिक जिलों में



**व्यक्तियों की महत्वाकांक्षा और तुष्टिकरण जब सुशासन में रुकावट पैदा करने लगे तो संगठन का पतन शुरू हो जाता है**

### एनएचएम ने केन किड्स से किया एमओयू

# कैंसर पीड़ित मासूमों को मिलेगी इलाज में मदद

### देश के अस्पतालों में होगा कैंसरग्रस्त बच्चों का नि:शुल्क इलाज

**भोपाल।** प्रदेश में अब कैंसर से जूझ रहे बच्चों को इलाज के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। बच्चों में कैंसर की पहचान के लिए डॉक्टरों को ट्रेंड करने से लेकर अस्पतालों में जाँच, दवाओं और इलाज के लिए केन किड्स संस्था मदद करेगी। एनएचएम की एमडी श्रीमती प्रियंका दास ने कैन किड संस्था की चेयरमेन डॉ. पूनम बगाई के साथ एमओयू साइन किया। संस्था के सहयोग से बच्चों में कैंसर की पहचान, टेस्ट और ट्रीटमेंट की व्यवस्था की जाएगी। एनएचएम एमडी ने बताया कि 18 साल तक के बच्चों में होने वाले कैंसर की पहचान के लिए फील्ड स्टाफ से लेकर हर स्तर पर डॉक्टरों की कैपेसिटी बिल्डिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे पीएचसी, सीएचसी, सिविल हॉस्पिटल और जिला अस्पताल में बच्चों की स्क्रीनिंग कर मेडिकल कॉलेज और टर्सरी केयर सेंटर पर डायग्नोसिस और ट्रीटमेंट की व्यवस्था की जाएगी। इससे कैंसर से पीडित बच्चे के परिवार पर आर्थिक और मानसिक बोझ कम पड़ेगा।

पाँच सालों तक कैन किड्स संस्था प्रदेश में कैंसर की जाँच एवं उपचार की सुविधा वाले सरकारी और प्रायवेट अस्पतालों की जिला अस्पतालों से मैपिंग करेगी, जिससे जिला अस्पताल से कैंसर के लक्षणों वाले बच्चे को सही सेंटर पर रेफर किया जा सके। संस्था से मिले गेप का एनालिसस कर एनएचएम पीडियाट्रिक कैंसर को लेकर पॉलिसी बनाएगा। पीडियाट्रिक कैंसर के एमओयू की प्रमुख बातों में कैंसर की पहचान के लिए आशा कार्यकर्ता से लेकर जिला अस्पताल के डॉक्टर्स की ट्रेनिंग होगी। बच्चों की जाँच, दवा और इलाज की सुविधा उपलब्ध न होने पर संस्था अपने फंड से मदद करेगी। गैप के हर मामले की एनएचएम को रिपोर्ट भेजेगी ताकि पीडियाट्रिक कैंसर की पॉलिसी बन सके। एनएचएम स्टेट लेवल पर एक पीडियाट्रिक कैंसर कमांड सेंटर बनाकर निगरानी करेगा। कैन किड्स संस्था एक पोर्टल बनाकर उसमें रिसोर्स डायरेक्ट्री तैयार कर इलाज के लिए मैप हॉस्पिटल, वहाँ उपलब्ध डॉक्टर और सोशल वर्कर की जानकारी के साथ ही हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेगा।



### कैंसर ग्रस्त बच्चे की जांच होते ही बनेगी आयुष्मान आईडीआईडी

एनएचएम एम.डी. ने बताया कि कैंसर ग्रस्त बच्चे की जाँच के बाद कैंसर की पुष्टि होते ही उसकी आयुष्मान भारत हेल्थ आईडी (ABHA) जनरेट की जाएगी। प्रत्येक कैंसर पीडित बच्चे के इलाज की ट्रेकिंग करने के लिए अलग से एमआईएस सिस्टम बनाया जाएगा, जिससे यह पता लग सकेगा कि किस कैंसर पीडित बच्चे का किस अस्पताल में क्या-क्या इलाज हुआ है। कैन किड्स संस्था की धनश्री प्रधान ने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों में कैंसर (पीडियाट्रिक कैंसर) की जल्द पहचान और उपचार की सुविधाएँ आसानी से मुहैया कराना है। इसके लिए कैंसर पीडित बच्चे के लिए हर स्तर पर इलाज में संस्था मदद करेगी। बच्चे की जाँच के लिए यदि सरकारी अस्पताल में व्यवस्था नहीं हैं, तो संस्था उसके लिए निजी अस्पताल में जाँच का इंतजाम कराएगी। अस्पतालों में पीडियाट्रिक कैंसर को लेकर सुविधाएँ नहीं हैं। उनका गेप एनालिसिस कर एनएचएम को रिपोर्ट भेजी जाएगी, जिससे उस कमी को दूर किया जा सके।

### नेशनल कैंसर ग्रीड की सदस्यता लेने वाला पहला राज्य बनेगा मध्यप्रदेश

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा नवाचार की श्रृंखला में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिये शुरू किये गये मेडिकल नॉलेज शेयरिंग मिशन अंतर्गत चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल के संचालक के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में मध्यप्रदेश को नेशनल कैंसर ग्रीड से जोड़ने एवं मेडिकल नॉलेज शेयरिंग मिशन में टाटा मेमोरियल अस्पताल के साथ एमओयू करने पर निर्णय लिया गया। टाटा मेमोरियल अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सी. एस. प्रमेश ने प्रेजेंटेशन में नेशनल कैंसर ग्रीड के माध्यम से कैंसर रोगियों के उपचार, कैंसर रिसर्च एवं चिकित्सकों की ट्रैनिंग के संबंध में जानकारी दी।

# 36 रुपए किलो में समर्थन मूल्य पर बिकेगा महुआ फूल



**भोपाल।** महुआ फूल के लिए आर्थिक रूप से निर्भर किसानों के लिए अच्छी खबर है। महुआ फूल की बिक्री के लिए अब उन्हें समर्थन मूल्य के साथ ही बोनस राशि भी मिलेगी। प्रदेश में महुआ फूल की खरीदी के लिए कई जगह फण (खरीदी केंद्र) बनाए गए हैं। वन विभाग द्वारा वन समितियों के माध्यम से संग्राहकों को खरीदी केंद्र में महुआ फूल बिक्री के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है, ताकि उन्हें बोनस का लाभ प्राप्त हो सके।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्डधारी उसी कार्ड से महुआ फूल की बिक्री निर्धारित फणों पर कर सकते हैं। बताया गया कि महुआ फूल खरीदी के लिए फण (खरीदी केंद्र) बनाये गए हैं, जिससे संग्राहकों महुआ फूल की बिक्री के लिए ज्यादा दूरी तय करने में परेशानी न उठाना पड़े। फणों के माध्यम से सरकार द्वारा महुआ फूल की खरीदी की जाएगी, इसके बाद उसका विक्रय किया जाएगा, और विक्रय में लाभांस के आधार पर तेंदूपत्ता बोनस की तरह महुआ फूल का भी बोनस वितरित किया जाएगा।

### पर्यावरण विभाग की नई पहल

# पांच कसौटियों पर खरा उतरने वाले शहरों को मिलेगा हर साल ग्रीन सिटी अवॉर्ड

### शहरों को हरा-भरा बनाने के लिए ग्रीन सिटी इंडेक्स की स्थापना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पर्यावरण विभाग ने शहरों में हरियाली को बढ़ावा देने, वायु प्रदूषण खत्म करने, पर्यावरण में सुधार लाने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। शहर की हरियाली व शहरी पर्यावरण को शासन द्वारा तय किए गए 5 इंडेक्स के तहत परखा जाएगा। जो भी शहर पर्यावरण विभाग द्वारा स्थापित व निर्देशित ग्रीन सिटी इंडेक्स पर खरे उतरेंगे, ऐसे शहरों के नगर निगमों को पर्यावरण विभाग द्वारा ग्रीन सिटी अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। पर्यावरण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ग्रीन सिटी इंडेक्स की कसौटी पर जब शहरों की हरियाली व पर्यावरण को परखा जाएगा तो नगर निगमों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा, जिससे निश्चित ही पर्यावरण में सुधार होगा। यह ग्रीन सिटी अवॉर्ड मध्यप्रदेश पर्यावरण विभाग द्वारा हर साल दिए जाएंगे।

### इन 5 कसौटियों पर परखेंगे शहरों को

पर्यावरण मामले में ग्रीन सिटी अवॉर्ड देने के लिए शहरी नगर निगमों की रैंकिंग इन 5 इंडेक्स के के हिसाब से तय की जाएगी। यानी शहरों के पर्यावरण को इन कसौटियों पर परखा जाएगा। पिछले साल की अपेक्षा वर्तमान में शहरी क्षेत्र में हरियाली में कितनी बढ़ोतरी हुई। सालभर में शहर सीमा में कितना पौधारोपण व उसका संरक्षण किया गया। हवा को साफ-स्वच्छ रखने के लिए वायु गुणवत्ता संबंधित क्या-क्या कदम उठाए गए। प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या उपाय किए गए। वाहनों से होने वाले प्रदूषण को समाप्त करने के लिए किस ईंधन ऊर्जा का इस्तेमाल किया।

### पोर्टल पर देना होगी 31 मार्च तक जानकारी

ग्रीन सिटी अवॉर्ड के लिए इन 5 सूचकांक यानी इंडेक्स से संबंधित पुख्ता जानकारी नगर निकायों या निगमों द्वारा 31 मार्च तक नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा बनाए गए पोर्टल पर देना होगी। इसके बाद मध्यप्रदेश पर्यावरण विभाग की टीम निगमों द्वारा दी गई जानकारी को प्रमाणित करने के लिए सर्वे के जरिए सत्यापित करेगी। फिर पर्यावरण संबंधित प्रगति व सुधारों के आधार पर शहर के निकायों को सम्मानित किया जाएगा।

# रक्तदान कर श्रद्धांजलि देना पुण्य कार्य डॉ. राज बर्फा

पुष्पाजंली टुडे

**कुक्षी** :- रक्तदान द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करना ,सही मायने में सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ यू के भायल एक विराट व्यक्तित्व थे, जिन्हें शब्दो द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित नही की जा सकती ग्राम,समाज,संगठन और राष्ट्र के प्रति, उनका समर्पण अनुकरणीय है। संगठन ऐसे महापुरूषो को सदैव स्मरण करते हुए, बड़े स्तर पर सार्वजनिक रक्तदान शिविर आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते रहे।यह बात मध्यप्रदेश रेडक्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति भोपाल के सदस्य डॉ.राज बर्फा,लोहारी ने सिर्वी समाज तेहसील संगठन,कुक्षी एवं सिर्वी समाज तेह युवा संगठन कुक्षी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं सार्वजनिक रक्तदान शिविर ,कुक्षी में कही।20 अप्रैल 2021 में कोरोना महामारी के कारण क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. उदन कुमार भायल एवं उनके पुत्र गिरीश भायल का देवलोकगमन हो जाने से उनकी प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रेडिएंट अकेडमी कुक्षी में श्रद्धांजलि सभा एवं सार्वजनिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।सभा का शुभारंभ डॉ यू के भायल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।मंचासीन अतिथि कुक्षी अनुविभागीय अधिकारी नवजीवन विजय पंवार,अखिल भारतीय सिर्वी महासभा म प्र प्रांतीय महासचिव कांतिलाल गेहलोत,कुक्षी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक रावत, रक्तकोष दल प्रभारी डॉ प्रमेय रेवड़िया आलीराजपुर ,भूतपूर्व भाजपा धार जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र धाड़ीवाल ने भी शब्दाजंलि अर्पित की। अतिथियों का तिलक लगाकर अभिनंदन तहसील अध्यक्ष जितेंद्र शिंदे,युवा संगठन तहसीलअध्यक्ष युवराज सेप्टा,स्वास्थ्य प्रकोष्ठ प्रमुख डाक्टर विजय सेण्चा ननोदा,डॉ सुनील सेप्टा,मनीष भायल कुक्षी ,महेंद्र हम्मड बड़ग्यार ने किया।संचालन एलआईसी विकास अधिकारी मोहन बर्फा,कोणदा ने किया। रक्तकोष दल आलीराजपुर में लेब टेक्नीशियन टीम का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर मे कुल 151 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया सभी रक्तदाताओं का प्रशस्ति पत्र द्वारा अभिनंदन किया गया।

रक्तदान के इस महायज्ञ में रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया।राधेश्याम मोतीलाल काग कुक्षी ने पत्नी पार्वती पुत्र निखिल पुत्री नंदनी सहित सपरिवार रक्तदान किया। श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय समिति सदस्य कैलाश मुकाती,वीआईपी मनावर,पूर्व जिलाध्यक्ष व केंद्रीय समिति सदस्य टीकमचंद पंवार,संरक्षक कैलाशकाग,प्रांतीय शिक्षा सचिव नरेंद्र सिर्वी,प्रांतीय मीडिया प्रभारी हीरालाल हम्मड,जिला उपाध्यक्ष जगदीश भायल देशवाल्या,तहसील उपाध्यक्ष रमेश काग कुक्षी,पार्षद संजय सिर्वी,पंकज परमार कोसवाड़ा,तहसील महासचिव कमल बर्फा सिलकुँआ, कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रमुख विजय मुलेवा कुक्षी, खेल प्रकोष्ठ प्रमुख मनोज काग बाग, युवा प्रदेश प्रतिनिधि अशोक राठौड़ मण्डवाड़ा की सक्रिय उपस्थिति रही।



### प्रशासन के अनदेखी के कारण सूने पड़े हैं शेड

# बेरोजगारों को रोजगार देने बनाए गए मुख्यमंत्री हाट बाजार बदहाल

**भोपाल।** प्रदेश सरकार ने गांव में बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार निर्माण किए थे। जो आज बदहाल हो गए हैं। जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण वह खंडहर हो गए हैं। किसी ने भूसा तो किसी ने मवेशियों को बांधना और कंडे बनाना शुरु कर दिया है। कई जिलों में मामले को लेकर जिला पंचायत द्वारा जिम्मेदार ग्राम पंचायतों को नोटिस कार्रवाई की गई थी। सड़क पर लगने वाले बाजारों को हटाकर शेड़ों में लगाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन वह कार्रवाई फाइलों में ही दिखाई दे रही है। जिसके चलते हाट बाजार शोपीस बनकर रह गए है।ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के तहत शेड बनाए गए थे। लेकिन स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण वह सूने पड़े है। वर्ष 2010-11 से आज तक दो फीसदी ही उपयोग हो रहे है। 98 फीसदी हाट बाजार शोपीस बने है। आज इनका उपयोग आवारा मवेशी और असामाजिक तत्व कर रहे है। कर्मचारियों का कहना था कि बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना शुरु थी। एक शेड़ की लागत 15 लाख थी। लेकिन उन शेड़ों में व्यापारी नहीं जा रहे है।



### गांव से बनाए गए दूर

जानकारी के अनुसार अधिकांश ग्राम पंचायतों में हाट बाजार तो बनाए गए। लेकिन वह गांव से दूर बनाए गए है। जहां हाट बाजार निर्माण होने के बाद वह 12 वर्षो से सूने पड़े है। वहां पर एक भी दिन बाजार नहीं लगाया गया है। जबकि उनके निर्माण में करोड़ों रुपए से खर्च किए गए है। आज आलम यह है कि अधिकांश हाट बाजार रखरखाव के अभाव में बदहाल हो रहे हैं। कईयों की आंधी तूफान में टीन शेड़ उड़ गए तो कुछ खड़े-खड़े खंडहर हो गए।

### काम की नहीं रही यह कल्याणकारी योजना

मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना वर्ष 2010-11 में शुरु हुई थी। वर्ष 2012-13 में यह हाट बाजार बनकर तैयार हो गए थे। जिसका भुगतान भी किया गया है। लेकिन उन शेड़ों में व्यापारी और बेरोजगार हाट बाजार की दुकानें लगाने के लिए नहीं पहुंच रहे है। जबकि उन्हीं के आसपास हाट बाजार लगाया जाता है। जबकि वह बाजार मुख्य सड़कों पर लगाया जाता है। जहां कई घटनाएं भी हो रही है। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन हरकत में नहीं आया है। जो अनुपयोगी साबित हो गए है।

## खरगोन हिंसा: उपद्रवी की सूचना दें 10 हजार लें,100 से ज्यादा दंगाइयों पर इनाम

**खरगोन।** रामनवमी पर हुए दंगों के उपद्रवियों को पकड़ने के लिए सरकार ने इनाम की घोषणा की है. इन दंगों से जुड़े एक-एक उपद्रवी की सूचना देने पर बताने वाले को दस हजार रुपये दिए जाएंगे. इस घटना से जुड़े 100 से ज्यादा दंगाई अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं. दूसरी ओर, यहां पिछले 11 दिनों में बुधवार सुबह पहली बार कर्फ्यू में एक साथ छह घंटे के लिए ढील दी गई। जिला प्रशासन 14 अप्रैल से हर दिन दो पालियों में कर्फ्यू में ढील दे रहा था, लेकिन बुधवार को पहली बार सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक छूट प्रदान की गई. पिछले कुछ दिनों में शहर की स्थिति में सुधार होने पर कर्फ्यू में सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक दो पालियों में ढील दी जा रही थी।

### पुलिस ने की इनाम की घोषणा

रामनवमी पर खरगोन में हुए उपद्रव के बाद पुलिस ने 106 लोगों के मामला दर्ज किया था. इन 106 में से 4 को अज्ञात बताया जा रहा है. जिले के एसपी रोहित काशवानी ने 104 फरार आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है. खरगोन में 10 अप्रैल को रामनवमी पर सांप्रदायिक हिंसा भड़कने के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### थाना विश्वविद्यालय तथा क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम ने धोखाधड़ी के प्रकरण में फरार 02 हजार रूपये के ईनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस द्वारा *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी,भापुसे* के निर्देश पर जिले में फरारी ईनामी बदमाशों तथा वारंटियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान दिनांक 21.04.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना विश्वविद्यालय के धोखाध?ी के दो प्रकरणों में फरार ईनामी बदमाश को आंतरी रेलवे फाटक के पास देखा गया है। उक्त सूचना पर से एसएसपी ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-दक्षिण श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे को अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डोतिया से समन्वय स्थापित कर थाना विश्वविद्यालय व क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम बनाकर मुखबिर सूचना की तस्दीक कर उक्त ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में *नगर पुलिस अधीक्षक विश्वविद्यालय श्री रत्नेश सिंह तोमर* व *उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री विजय भदौरिया* के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता तथा थाना प्रभारी विश्वविद्यालय निरी0 संतोष मिश्रा के नेतृत्व क्राईम ब्रांच व थाना विश्वविद्यालय पुलिस बल की संयुक्त टीम को दबिस के लिये मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम को दबिश के दौरान उक्त ईनामी बदमाश आंतरी रेल्वे फाटक के पास घूमता हुआ मिला, उक्त बदमाश द्वारा पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया गया। जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पक? लिया गया। उक्त ईनामी बदमाश थाना विश्वविद्यालय के अप0क्र0 110/2018 धारा 420,467,468,471 भादवि व अप0क्र0 274/2021 धारा 420,467,468,471 के प्रकरणों में घटना दिनांक से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर *पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 02 हजार रूपये का ईनाम घोषित* किया गया था। सराहनीय भूमिकाः* उक्त ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता, थाना प्रभारी विश्वविद्यालय निरी0 संतोष मिश्रा, उनि. हरिचरण वास्त्री, सउनि दिनेश सिंह तोमर, आर0 पवन झा, योगेन्द्र सिंह तोमर, विकास सिंह, रामवीर सगर की सराहनीय भूमिका रही।

### राज भोज रेस्टोरेंट द्वारा सडक पर गंदगी करने पर वसूला जुर्माना



ग्वालियर। स्वच्छता भारत अभियान के तहत स्वच्छता में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये शहर में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। फिर भी कोई सडक पर कचरा या विवाह आदि सार्वजनिक आयोजन के उपरांत कचरा सडक पर डाल दिया जाता है। उसके खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत राज भोज रेस्टोरेंट द्वारा गंदगी करने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव के निर्देशन में नगर निगम हेड ऑफिस के सामने शादी समारोह के आयोजन के बाद सफाई ना करवाने पर एवं रोड में गंदगी पाए जाने पर राज भोज रेस्टोरेंट से 1 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान ने मुरार बारादरी चौराहा, सदर बाजार में गंदगी फैलाने वालों पर से 3 हजार रूपये का जुर्माना वसूला। इसके साथ ही शहर के अन्य स्थानों पर भी गंदगी पाये जाने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई।

### जवाहर नवोदय विद्यालय की 6वीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को

ग्वालियर। जवाहर नवोदय विद्यालय पिछोर जिला ग्वालियर में कक्षा-6वीं में प्रवेश के लिये राष्टीय स्तर की चयन परीक्षा जिले के नियत परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा 30 अप्रैल 2022 शनिवार को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगी। जिन परीक्षार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये आवेदन किया है वे समिति की वेबसाइट https://cbseitms.nic.in/AdminCard/AdminCard से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अभ्यर्थी अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा आरंभ होने से एक घंटा पहले अवश्य पहुँचें।

### भाइयों के घर भले दूर हो जाएं, लेकिन मन में दूरियां बढ़ते ही परिवार रामायण से महाभारत में बदल जाता है- मुनिश्री

**मुनिश्री ने शाम को डीबी सिटी से पदा विहार कर थाटीपुर स्थित बलबंत नगर पहुँचे।**

ग्वालियर। भाईयों के घर अलग भले ही हो जाएं, चल जाएगा, मगर मन दूर नहीं होना चाहिए। मन की दूरियां बढ़ते ही परिवार की रामायण महाभारत में बदल जाती है। पेड़ की तरह जीवन में स्वभाव बनाएं। हवा जब चलती है तो डाली पते झुकजाते हैं, मगर तना तन कर खड़ा रहता हैं। इसी प्रकार परिवार समाज को एक रखने के लिए झुकना पड़े तो झुक जाएं, मगर संस्कार, सिद्धांतों को कभी न झुकने दें। यह विचार मेडिटेशन गुरु मुनिश्री विहसंत सागर महाराज ने आज गुरुवार को सचिन तेंडुलकर मार्ग स्थित डीबी सिटी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने भी संबोधित किया। मुनिश्री ने कहा कि पानी गरम हो जाता है, मगर वह शीतलता के गुण को कभी नहीं छोड़ता है। ज्ञानी कहते हैं कि वाणी ऐसी बोलिए जिससे सामने वाले का और स्वयं का मन शीतल हो जाए। मुनिश्री ने कहा कि नपा तुला खाओ, नपा-तुला बोलो, जिससे जीवन अनमोल बन जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया की प्रवचन से पहले धर्मसभा का शुभांरभ संगीतकर शुभम जैन सैमी ने मंगल चरण गायकर किया। मुनिश्री के चरणों मे प्रदेश के बीज निगम के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री मुन्नलाल गोयल, गौरव जैन, सौरभ जैन, संजय जैन, दिनेश जैन, व अन्य समाजजनों ने श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद लिया। मुनिश्री ने शाम को डीबी सिटी से पद विहार कर थाटीपुर स्थित बलबंत नगर पहुँचेगे।

**भौतिकता की चकाचौंध में मानव आत्मिक सुख से दूर**

मुनिश्री विहसंत सागर महाराज ने कहा कि भौतिकता की चकाचौंध में व्यक्ति का आत्मिक सुख कहीं खो सा गया है। पहले व्यक्ति के पास भले ही भौतिक सुख संसाधन कम थे, लेकिन सुख और शांति थी। आज ज्यों-ज्यों भौतिक सुख-सुविधाएं बढ़ रहीं हैं।

# शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : श्री शेजवलकर

### अमृत परियोजना के तहत डीएमए का कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश

### जिला विकास समनवय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक समपन्न

ग्वालियर। शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो, इसके लिये केन्द्र सरकार की अमृत परियोजना के तहत कार्य किए जा रहे हैं। ग्वालियर शहर में परियोजना के तहत डीएमए का कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाए, ताकि शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने गुरूवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में यह बात कही।

नवीन जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, विधायक ग्वालियर दक्षिण श्री प्रवीण पाठक, विधायक ग्वालियर पूर्व डॉ. सतीश सिकरवार, विधायक डबरा श्री सुरेश राजे, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति के उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम, श्री देवेन्द्र सिंह तोमर सहित समिति सदस्य श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, श्रीमती अनीता मोती सिंह और कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी सहित समिति के सदस्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।




सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा है कि अमृत परियोजना के तहत सभी डीएमए का कार्य पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही पाँच हजार आबादी को लक्ष्य मानते हुए अमृत परियोजना के तहत पायलट प्रोजेक्ट किया जाए। जिसमें 24ङ्ग7 पानी नागरिकों को पूरे प्रेशर के साथ मिल सके। पायलट क्षेत्र का कार्य पूर्ण कर जनप्रतिनिधियों को भी उसका अवलोकन कराया जाए।

उन्होंने कहा कि अमृत परियोजना के तहत पानी और सीवर की लाईनें डालने के लिये जो स?कें खोदी गई हैं उसके रेस्टोरेशन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से निगम करे। इसके लिये अमृत परियोजना के ठेकेदारों के कार्यों की निगम आयुक्त नियमित समीक्षा भी करें। उक्त कार्य के लिये प्राथमिकता तय कर कार्य कराया जाए। सांसद श्री शेजवलकर ने बैठक में यह भी कहा है कि अमृत परियोजना के प्रथम चरण में जो क्षेत्र एवं कार्य छूट गया है उसे अमृत परियोजना के द्वितीय चरण में जो?ा जाए। इसके लिये जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव लिए जाएं।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास योजना का लाभ लोगों को मिले

क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा है कि हर आवासहीन को आवास उपलब्ध कराना केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले, इसके प्रयास किए जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो आवास बनकर तैयार हो गए हैं उन्हें लोगों को शीघ्रता से आवंटित करें ताकि लोग योजना से लाभान्वित हो सकें।

### जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें

क्षेत्रीय सासंद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को उनके घर पर ही नल की टोंटी के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। ग्वालियर जिले की ग्राम पंचायतों में भी मिशन के तहत तेजी से कार्य किया जाए, ताकि लोगों को पेयजल की उपलब्धता उनके घर पर ही हो सके।

### गर्मी के मौसम में हैण्डपम्पों का संधारण प्राथमिकता से हो

क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने बैठक में पेयजल की समीक्षा के दौरान कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में जो हैण्डपम्प लगे हैं उनके संधारण का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। इसके लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हैण्डपम्पों का सर्वे एवं उसके संधारण की पूरी कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी कार्रवाई करे, जो हैण्डपम्प खराब हो गए हैं उनको सुधारने का कार्य भी तेजी के साथ किया जाए।

# क्राईम ब्रांच व थाना बहोड़ापुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

### ग्वालियर पुलिस ने कोटेश्वर तिराहा के पास आईपीएल पर ऑनलाईन सट्टा खिलाते हुए तीन सटोरिये को पकड़ा

### पुलिस टीम ने तीन मोबाइल, तथा 1,25000/-रूपये नगद, एक एलईडी तथा एक कार जप्त की।

### पकड़े गये सटोरिये से ऑनलाईन सट्टे का लाखों का हिसाब किताब मिला।




ग्वालियर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* को दिनांक 20.04.2022 को रात्रि में जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना बहोड़ापुर क्षेत्र में कोटेश्वर तिराहा पर स्थित चामुन्डा माता मंदिर के पास दो व्यक्ति नीले रंग की गिलान्जा कार में बैठकर मोबाइल पर आईपीएल क्रिकेट पर ऑनलाईन सट्टा खिला रहे हैं। उक्त सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु एसएसपी ग्वालियर ने अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* को पुलिस की टीम को आईपीएल क्रिकेट पर हार-जीत का दाब लगाकर सट्टा खिलवा रहे सटोरियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) द्वारा *अति. पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्री अभिनव चौकसे,भापुसे से समन्वय स्थापित कर क्राईम ब्रांच व थाना बहोड़ापुर पुलिस की संयुक्त टीम को सटोरियों को पकड़ने हेतु लगाया गया।

अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) के निर्देशों के परिपालन में डीएसपी अपराध श्री रत्नेश तोमर एवं डीएसपी अपराध श्री विजय भदौरिया तथा सीएसपी ग्वालियर श्री रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक दामोदर गुप्ता एवं थाना प्रभारी बहोड़ापुर निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार के नेतृत्व में दिनांक 20.04.2022 की रात्रि में पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान कोटेश्वर तिराहा पर स्थित चामुन्डा माता मंदिर के पास कार्यवाही हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर एक नीले रंग की गिलान्जा कार खड़ी दिखी जिसमें दो व्यक्ति बैठे हुए थे और उनके मोबाइल पर लगातार कॉल आ रहे थे। दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया और उनके मोबाइलों को चेक करने पर उसमें आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टा 99हब पर चलता पाया गया, जिसमें पकड़े गये दोनों सटोरिये हार-जीत पर ऑनलाईन दाब लगाकर सट्टा खिला रहे थे। पकड़े गये दोनों सटोरियों ने अपने आप को जिला दतिया का रहने वाला बताया तथा वर्तमान में यह लोग कोटेश्वर तिराहा के पास रह रहे हैं। पकड़े गये दोनों सटोरियों ने पुलिस टीम को बताया कि वह 99नइ तथा वर्ड777 की ऑनलाईन साईड के माध्यम से हार-जीत का दाब लगाकर सट्टा खिला रहे थे तथा उन्होने बताया कि हम दोनों के अलावा एक और सटोरिया कोटेश्वर तिराहा पर स्थित एक मकान में बैठकर 99हब पर ऑनलाईन मोबाइल एवं टी.व्ही. पर सट्टा खिला रहा है। दोनों सटोरियों के निशादेही पर तीसरे सटोरिये को ऑनलाईन 99हब पर सट्टा खिलाते हुए पकड़ा। सटोरियों से जप्त किये गये मोबाइल में लाखों का हिसाब कितव भी मिला है। पकड़े गये तीनों सटोरियों ने पूछताछ में बताया कि सट्टा खेलने वाले ग्राहकों की वेबसाईट के माध्यम से आईडी बनाकर आईपीएल का ऑनलाईन सट्टा खिलाया जाता है। पकड़े गये तीनों सटोरियों के खिलाफ थाना बहोड़ापुर में अप.क्र. 243/22 धारा 4क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने निर्देश पर क्राईम ब्रांच द्वारा विगत दिनों से लगातार आईपीएल क्रिकेट पर ऑनलाईन सट्टा खिला रहे व्यक्तियों पर कार्यवाही की जा रही है और इस प्रकार की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# मध्यप्रदेश की वन समितियों ने किया शानदार काम

### लाखों परिवारों की आर्थिक स्थिति में हुआ सुधार

ग्वालियर। मध्यप्रदेश में सामुदायिक भागीदारी से वन प्रबंधन, संरक्षण एवं सुधार की दिशा में वन समितियों के माध्यम से शानदार काम किया गया है जो पूरे देश में अनूठा है। इन वन समितियों से जुड़े परिवार आर्थिक रूप से भी सशक्त हुए हैं। प्रदेश का वनक्षेत्र 94 हजार 689 वर्ग किलोमीटर है जो अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक है। यह देश के कुल वन क्षेत्र का 12.3त्न है। प्रदेश के 79 लाख 70 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र के प्रबंधन में जन-भागीदारी के लिये 15 हजार 608 गाँवों में वन समितियाँ काम कर रही हैं। पिछले एक दशक में 1552 गाँवों में वन समितियों ने 4 लाख 31 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र में सुधार किया है। जब पूरी दुनिया में वनों पर खतरा मंडरा रहा है, ऐसे समय इन समितियों ने वन विभाग के साथ मिलकर शानदार काम किया है। राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ, वनोपज संग्रह करने वाले परिवारों को उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से काम कर रहा है। संघ के नवाचारी उपायों से तेंदूपत्ता संग्राहकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। तेंदूपत्ता सीजन में 2021 कोविड-19 के कारण लॉक-डाउन के बाद भी तेंदूपत्ता संग्रहण कराकर दूरदराज के क्षेत्रों में रह रहे जनजातीय परिवारों को 415 करोड़ रूपये का पारिश्रमिक दिलाया गया और 192 करोड़ का लाभांश भी वितरित किया गया। पुरानी नीति में 70 फीसदी लाभांश संग्राहकों को बोनस के रूप में दिया जाता था। साथ ही 15त्न राशि संग्राहकों के सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण के लिए और 15त्न राशि वन क्षेत्रों में लघु वन उपज देने वाली प्रजातियों के संरक्षण एवं विकास पर खर्च की जाती थी। अब ÷पेसा अधिनियम÷ की भावना के अनुसार तेंदूपत्ता के व्यापार से होने वाले लाभ का 75त्न संग्राहकों को, 10त्न राशि संग्राहकों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए और 10त्न राशि वन क्षेत्रों में लघु वनोपज प्रजातियों के संरक्षण तथा 5 प्रतिशत ग्राम सभाओं को दी जाएगी। वन विभाग द्वारा नए संकल्प में राष्ट्रीय उद्यानों में पर्यटकों के प्रवेश से मिलने वाली राशि का 33त्न वन समितियों को देने का प्रावधान किया गया है । समितियों को आवंटित क्षेत्र में ईको पर्यटन का कार्य संचालित करने के लिए सशक्त किया गया है। इससे होने वाली आय वन समिति को मिलेगी। इससे स्थानीय युवाओं को आर्थिक गतिविधियाँ शुरू करने के अवसर मिलेंगे।

**वन समितियों का माइक्रो प्लान**

प्रदेश के एक तिहाई गाँव वन क्षेत्रों के अंदर या उसके आसपास बसे हैं। वहाँ के निवासियों की आजीविका वनों पर आधारित है। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश में इस साल के आखिर तक 5 हजार वन समितियों का माइक्रो प्लान तैयार करने का लक्ष्य है। इससे रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही ग्राम समुदाय अपनी आवश्यकता की वनोपज का उत्पादन कर अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे।

# एंटी माफिया अभियान के तहत गिरवाई क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई

### एक करोड़ 65 लाख रूपए की शासकीय भूमि कराई मुक्त

### अतिक्रमणकारी पर विभिन्न धाराओं में अपराध हैं पंजीबद्ध

ग्वालियर। एंटी माफिया अभियान के तहत गिरवाई क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले एक अपराधी पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। गिरवाई निवासी बालकिशन बघेल द्वारा ग्राम वीरपुर तहसील गिरवाई के सर्वे क्रमांक-95 रकबा 3300 वर्गफुट भूमि शासकीय जिसका बाजार मूल्य एक करोड़ 65 लाख रूपए है, अतिक्रमण कर रखा था, जिसे मुक्त कराया गया है।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर एंटी माफिया अभियान के तहत गुरूवार को एडीएम श्री इच्छित गड़पाले एवं एसडीएम श्री अनिल बनवारिया के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। अपराधी श्री बालकिशन बघेल के विरूद्ध थाना गिरवाई में धारा-356, 380, 302, 354 के अपराध पंजीबद्ध हैं। बघेल के विरूद्ध 11 साल के बच्चे की हत्या का भी अपराध पंजीबद्ध है। अपराध क्रमांक 204/19, अपराध क्रमांक 173/21 व अपराध क्रमांक 243/8 प्रचलित हैं। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान एक तलवार भी जब्त की गई है।




उल्लेखनीय है कि ग्वालियर जिले में एंटी माफिया अभियान के तहत माफियाओं के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन एवं निगम का अमला भी शामिल था।

# स्वच्छता का सिटीजन फीडबैक देने चलाया जागरूकता अभियान, बडी संख्या में शहर के नागरिकों ने दिया फीडबैक



ग्वालियर। स्वच्छता के प्रति बच्चों एवं बडों को जागरुक करने एवं स्वच्छता को जन-जन का मिशन बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा आईईसी टीम के माध्यम से विभिन्न स्कूल, कॉलेज, मॉल, बाजारों, कॉलोनियों में घर घर जाकर आमजनों को स्वच्छता में सहभागिता के लिए प्रेरित कर सिटीजन फीडबैक देने के लिए आग्रह किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छता में अव्वल लाने के लिये स्वच्छता अभियान के साथ-साथ सिटीजन फीडबैक के लिये भी शहर के नागरिकों से आग्रह किया जा रहा है। जिसके तहत आज सर्वे की टीम ने डोर टू डोर जाकर सिटीजन फीडबैक लिया। वार्ड क्रमांक 37,34,50,44,49,46,38,40,35 एवं कुछ विशेष स्थानों पर भी जाकर सिटीजन फीडबैक लिया तथा कुछ स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सिटीजन फीडबैक के बारे में समझाया और सभी से सिटीजन फीडबैक देने कि अपील की एवं सूखा कचरा ,गीला कचरा ,जैविक अपशिष्ट कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा, आदि को अलग अलग करके सीधे कचड़े गाड़ी में ही डालने की अपील की।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478